दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 255 जयपुर, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### 2 सितंबर को लॉन्च होगा भारत का 'सूर्ययान'



**अहमदाबाद।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो अब 2 सितंबर को अपना पहला सोलर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्च करेगा। इसकी लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से होगी। अहमदाबाद में मौजूद इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के डायरेक्टर नीलेश एम. देसाई ने कहा कि ये स्पेसक्राफ्ट लॉन्च के लिए रेडी है। यह 15 लाख किलोमीटर की यात्रा 127 दिन में पूरी करेगा। यह हैलो ऑर्बिट में तैनात किया जाएगा, जहां पर एल 1 पॉइंट होता है। इस मिशन को पीएसएलवी रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा।

### मनरेगा में संविदा पर भरे जाएंगे 2,600 पद



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत कार्यात्मक आवश्यकता को देखते हुए ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कनिष्ठ तकनीकी सहायक के 2,200 एवं लेखा सहायक के 400 रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरने की मंजूरी दी है। इन कार्मिकों को मानदेय नरेगा के मद से ही दिया जाएगा। इस स्वीकृति से योजना के कार्यों को गति मिलेगी तथा रोजगार के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध होंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना ग्रामीण क्षेत्र के विकास के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

जी-20 इंडिया ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मिनिस्टर्स मीटिंग का प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल संबोधन के साथ आगाज

# हमारे प्रयासों से भारत बना पांचवीं अर्थव्यवस्था: पीएम मोदी

■ भारत लाल फीताशाही से बढ़ा है रेड कार्पेट की ओर ■ MSME पर अधिक ध्यान देने का किया आह्वान

**बेधड़क** | जयपुर

यहां टीआईएमएम के उद्घाटन सत्र को गुरुवार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे इतिहास में व्यापार ने विचारों, संस्कृतियों और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। इसने लोगों को करीब ला दिया है। व्यापार और वैश्वीकरण ने भी करोड़ों लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। अब भारत लाल फीताशाही से रेड कार्पेट की ओर बढ़ गया है। पिछले नौ साल के दौरान हमारे निरंतर प्रयासों से भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, अब सरकार अगले कुछ वर्षों में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रति कटिबद्ध है। मोदी होटल रामबाग में जी-20 भारत 2023 इंडिया ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मिनिस्टर्स मीटिंग शुरू होने से पहले वर्चुअली विशेष संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हम उदारीकृत एफडीआई प्रवाह की ओर बढ़ गए हैं। उन्होंने विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों और देश में नीतिगत स्थिरता का भी उल्लेख किया।



### लघु और मझोले उद्योगों को दें ज्यादा सहयोग

मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्ता को देखते हुए एमएसएमई पर अधिक ध्यान देना होगा। एमएसएमई 60 से 70 प्रतिशत रोजगार देते हैं और वैश्विक जीडीपी में 50 प्रतिशत का योगदान देते हैं। ऐसे में छोटे और मझोले उद्योगों को लगातार समर्थन देने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म-सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से एमएसएमई को सार्वजनिक खरीद से जोड़ा है और पर्यावरण पर जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट को अपनाने के लिए एमएसएमई क्षेत्र के साथ काम कर रहा है। सीमा पार ई-कॉमर्स में कई चुनौतियां हैं। मोदी ने कहा कि भारत एक नियम-आधारित, खुली, समावेशी, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में विश्वास करता है, जिसके मूल में डब्ल्यूटीओ है।

**चुनौतियों पर की बात**

मोदी ने कहा कि कोविड महामारी से लेकर जियो पॉलिटिकल टेंशन तक मौजूदा वैश्विक चुनौतियों ने दुनिया की अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली है। जी-20 देशों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश में विश्वास बहाल करें। जीएसटी से इंटर स्टेट व्यापार को बढ़ावा मिला, साथ ही इंटीग्रेटेड बाजार बनाने में भी मदद मिली।

डॉ. अंबेडकर पर रार... कांग्रेस पर भाजपा के वार

# संविधान पर भाजपा राज में नहीं आई आंच, न आएगी

## अंबेडकर को लेकर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने घेरा गहलोत को

भाजपा SC मोर्चा सम्मेलन

**बेधड़क** | जयपुर




भाजपा एससी मोर्चा के गुरुवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय अनुसूचित जाति प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की सामाजिक असमानता की समस्या का समाधान कांग्रेस ने नहीं किया। कांग्रेस मानती थी कि दलित वर्ग तो हमको वोट दे ही रहा है, इसलिए उसने इसे सिर्फ वोट बैंक समझा।

मंत्री मेघवाल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर आरोप लगाया कि उन्होंने दलित कोटे से भीमराव अंबेडकर को मंत्री नहीं बना, जगजीवनराम को बनाया, जबकि अंबेडकर अपने दम पर मंत्री बने। उन्होंने सीएम अशोक गहलोत को घेरते हुए कहा, वे भ्रम फैलाते हैं कि नेहरू ने अंबेडकर को मंत्री बनाया। मेघवाल ने देश में आरक्षण व्यवस्था को लेकर भी स्पष्ट किया कि इस पर भाजपा सरकार में कोई आंच नहीं आने वाली है, जबकि कांग्रेस भ्रम फैलाती है कि भाजपा संविधान और आरक्षण को खत्म कर देगी, जबकि साल 2014 से आज तक संविधान और आरक्षण पर कोई आंच नहीं आई है, न ही आगे आएगी।

### मोदी की नीतियों का दलित वोट पर गहरा असर

सम्मेलन के बाद केंद्रीय कानून राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि एससी वर्ग को लेकर पीएम मोदी की प्रभावी नीतियों का दलित वोट बैंक पर गहरा असर पड़ा है। यह बात हम नहीं, बल्कि दलित स्टडी सेंटर कहता है। अपनी रिपोर्ट में इस सेंटर ने कहा है कि 2014 के0 लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत और 2019 के 39 प्रतिशत दलित वोट भाजपा को मिले। इसलिए मैं दावे से कह सकता हूं कि 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में दलित समाज भाजपा के साथ रहेगा।

### कांग्रेस ने किया सिर्फ अपमान

भाजपा की सहप्रभारी विजया राहटकर ने भी कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेती रहती है, लेकिन उन्होंने उन्हें अपमान के सिवाय कभी कुछ नहीं दिया। पंचतीर्थ अंबेडकर के जीवन के साथ जुड़े हुए हैं। पंच तीर्थ का दर्शन करके देखें तो पता लगेगा कि पीएम मोदी ने हमारे समाज को कितना सम्मान दिया।

**कांग्रेस ने बाबा साहब को दो बार चुनाव हराया: जोशी**



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में लोगों को लड़ाने और भ्रष्टाचार करने के अलावा कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने 60 साल तक अंबेडकर का पंचतीर्थ नहीं बनवाया। यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने बाबा साहब को दो बार चुनाव हराया, क्योंकि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि अंबेडकर संसद में पहुंचें। एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल के नेतृत्व में हुए सम्मेलन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 20-20 अनुसूचित जाति वर्ग के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व प्रमुख गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनाव पर कवायद

# कांग्रेस ने प्रदेश में नियुक्त किए चार समन्वयक

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

कांग्रेस ने राजस्थान में इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन और हरियाणा की पूर्व मंत्री किरण चौधरी समेत चार समन्वयक नियुक्त किए।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एआईसीसी के चार समन्वयकों की नियुक्ति की। इसमें राज्यसभा सांसद रंजन, उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरकसिंह रावत, हरियाणा की पूर्व मंत्री किरण चौधरी और पंजाब से पूर्व राज्यसभा सांसद शमशेर सिंह दुलों को नियुक्ति दी गई है। साथ ही, एआईसीसी के सचिव बीपी सिंह और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह कुंपावत को राजस्थान विधानसभा चुनाव संपन्न होने तक वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री के साथ संबद्ध किया गया है।

### गोगोई और रंधावा ने सह प्रभारियों के साथ की चर्चा, 28 अगस्त को जयपुर में होगी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक





**नेताओं के बीच चर्चा**

स्क्रीनिंग कमेटी को लेकर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने गुरुवार को दिल्ली में चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रदेश कांग्रेस के तीनों सह प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक 15-जीआरजी में हुई। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 28 अगस्त को स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गोगोई तथा सदस्य गणेश गोंदियाल व अभिषेक दत्त प्रदेश के तीन दिन राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे, साथ ही टिकट दावेदारों से बायोडेटा भी लेंगे।

दौसा में कांस्टेबल के सिर में गोली मारने का मामला

# 36 घंटे बाद फायरिंग के आरोपी को दबोचा



**बेधड़क** | जयपुर

दौसा में डीएसटी कांस्टेबल के सिर में गोली मारने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी सेवर निवासी नवीन जाट को दबोच लिया है। दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के रेटा गांव में कांस्टेबल प्रहलाद सिंह के सिर में गोली मारी गई थी। आरोपी की तलाश के दौरान गुरुवार शाम पुलिस टीम को मिले इनपुट के आधार पर रेटा गांव के पेट्रोल पंप के पीछे बाजरे के खेत में बदमाश की घेराबंदी की गई। जहां दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। इस मुठभेड़ में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे घायलावस्था में पुलिस ने दबोच लिया। इसके बाद आरोपी को गंभीर अवस्था में भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे जयपुर रेफर कर दिया।

एएसपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस ने लगातार आरोपी की तलाश में सर्च अभियान चला रखा था। करीब 500 पुलिसकर्मियों द्वारा सर्च अभियान में जगह-जगह दबिश दी जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने अपने दोस्त से बात की तो साइबर सेल ने उसकी लोकेशन का पता लगा लिया। पुलिस इसी के आधार पर आरोपी नवीन जाट तक पहुंची। इस मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है। उसकी तलाश जारी है।

टीबी मुक्त अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ

# 2030 तक राज्य को हेल्थ सहित सभी क्षेत्रों में बनाएंगे नंबर वन: गहलोत

- 2025 तक राजस्थान को क्षयमुक्त बनाना हमारा ध्येय
- 70 नई 108 व 104 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस को हरी झंडी
- 1.43 करोड़ लोगों के अंगदान की शपथ लेने पर राज्य को मिले वर्ल्ड रिकॉर्ड के सर्टिफिकेट

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि निरोगी राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने एवं 2030 तक प्रदेश को स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में नंबर वन बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रत्येक गांव में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाकर अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान 29 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने वाला पहला राज्य है। टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4-4 जिलों को राष्ट्रीय स्तर पर रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए हैं। यह क्षय रोग के उन्मूलन की दिशा में हमारे गंभीर प्रयासों को इंगित करता है। गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर टीबी मुक्त राजस्थान सम्मेलन, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के द्वितीय चरण, चिकित्सा संस्थानों के शिलान्यास व लोकार्पण तथा 104-108 एंबुलेंस सेवाओं के शुभारंभ समारोह में बोल रहे थे।



### टीबी रोगी का जीवन होता है कष्टमय

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी एक घातक रोग है। क्षय रोगी का जीवन काफी कष्टमय होता है। विश्व के 26 प्रतिशत टीबी के मरीज भारत में हैं तथा इनमें से 6 प्रतिशत राजस्थान में हैं। उन्होंने कहा कि 2025 तक राजस्थान को क्षयमुक्त बनाना हमारा ध्येय है।

**स्वास्थ्य एवं शिक्षा में मॉडल स्टेट:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में है। कानून बनाकर सबको स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। राजस्थान में आईआईटी, आईआईएम, निफ्ट जैसे विश्व स्तरीय संस्थान खुले हैं। साथ ही, राज्य में गत चार साल में 303 नए कॉलेज खोले गए हैं।

**442 करोड़ के 224 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास:** सीएम ने प्रदेश में 442 करोड़ रुपए की लागत के 224 चिकित्सा संस्थानों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने विभिन्न जिलों में पीएचसी, सीएचसी, उप जिला अस्पतालों सहित कुल 122 करोड़ की लागत से बने 109 चिकित्सा संस्थानों का लोकार्पण किया। साथ ही, उन्होंने 320 करोड़ की लागत के 115 चिकित्सा संस्थानों का शिलान्यास भी किया। उन्होंने 50 नई 108 तथा 20 नई 104-जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### अंगदान महाभियान में बना विश्व रिकॉर्ड

कार्यक्रम में अंगदान महाभियान के तहत प्रदेश में 1.43 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा अंगदान की शपथ लेने पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन एवं ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया। इस दौरान गहलोत ने अंगदान महाभियान के दौरान सर्वाधिक अंगदान की शपथ लेने वाले जिलों के सीएमएचओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर अंगदान महाभियान से संबंधित वीडियो फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

## जरूरी खबर

### हस्तशिल्प निदेशालय गठन की अधिसूचना जारी



**जयपुर**। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से राजस्थान हस्तशिल्प नीति 2022 को लागू करवाने के लिए निदेशालय के गठन की गुरुवार को अधिसूचना जारी की गई। निदेशालय का मुख्यालय जोधपुर में रहेगा। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने कहा कि निदेशालय के गठन से राज्य में विलुप्त होती परम्परागत हस्तकलाओं को पुनर्जीवित करना आसान होगा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम गहलोत की मंशा के अनुरूप प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं हथकरघा बुनकरों के आर्थिक उत्थान एवं विकास के लिए सुनियोजित रूप से कार्य किया जाएगा।

### कार्मिक से काम पर लौटने की अपील, वार्ता सफल

**जयपुर**। राजस्थान विद्युत कर्मचारी, अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ विद्युत निगमों में ओपीएस के सम्बन्ध में गुरुवार को प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा भास्कर ए. सांवत ने वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विद्युत निगमों में सेवानिवृत्त परिलाभ सम्बन्धित ट्रस्टों को पहले की तरह निगम स्तर पर ही संचालित किए जाने एवं समिति के सदस्यों की ओर से सुझाए गए अन्य सुझावों पर वित्त विभाग के अधिकारियों के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत की जा चुकी है और शीघ्र ही इस सम्बन्ध में आदेश जारी किए जाएंगे। सांवत ने बताया कि एसोसिएशन के सदस्यों से आगामी दिनों में वापस वार्ता की जाएगी और विद्युत आपूर्ति समेत उपभोक्ताओं को किसी भी कारण से व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने आंदोलनरत कर्मचारियों से कार्य पर लौटने की अपील की।

### गौरव अग्रवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त



**जयपुर**। भाजपा राजस्थान के प्रदेशध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसर सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हिरेंद्र कौशिक ने सोशल मीडिया की कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें सिविल लाइंस विधानसभा से गौरव अग्रवाल को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया।

---

**भाजपा का कुनबा बढ़ा:** पार्टी पदाधिकारियों ने कांग्रेस पर बोला जुबानी हमला

# रिटायर्ड IAS व IPS और 17 अन्य ने थामा भाजपा का दामन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गई हैं। गुरुवार को एक बार फिर भाजपा से कई सेवानिवृति आईएएस व आईपीएस अधिकारी जुड़े। वहीं 17 अन्य ने भी प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान एंव रैगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नवल, बैरवा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष लालाराम बैरवा, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कैलाश वर्मा, सेवानिवृत आईएएस हनुमान सिंह भाटी, पूर्व आईपीएस डॉ. महेश



भारद्वाज, कुंवर राव गगन सिंह, सेवानिवृत आयुक्त ओमप्रकाश मीणा, सेवानिवृत डीईओ राजाराम मीणा, सेवानिवृत शिक्षा निदेशक बहादुरसिंह गुर्जर, ओमप्रकाश बागडा, रिटायर्ड आयकर आयुक्त नरेन्द्र गौड, भूदेव देवडा, दयानंद सक्करवाल, खेमराज खोलिया, धनेश्वर आहारी और माताराम रिणवा ने सदस्यता ग्रहण की।

### जंगलराज से हर तबका तंग: सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के जंगलराज से आज प्रदेश का हर तबका तंग है। इसलिए सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में भी हर समाज से पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की हैं। प्रदेश की जनता अब मन बना चुकी है, आगामी चुनावों में युवा, किसान और दलित विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

### कानून व्यवस्था से त्रस्त होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे: जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने जो आम जनता के लिए काम किया है उसके प्रति लोग अपना विश्वास दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और यहां तक कि कांग्रेस संगठन से जुड़े नेताओं ने भी भाजपा का दामन थामा है। भाजपा इन नेताओं, कार्यकर्ताओं के सदस्यता ग्रहण के साथ ज्यादा मजबूत हो रही है। जोशी ने कहा कि सरकार की कानून व्यवस्था से त्रस्त होकर यह भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार ने बिजली कटौती, महंगे बिजली बिल, पेपर लीक, पेट्रोल-डीजल पर वैट, महिला अपराध, युवाओं और किसानों से वादाखिलाफी के साथ प्रदेश के हर वर्ग को चोट पहुंचाई है।

### दिल्ली के पुलिस अफसर रहे हैं डॉ. महेश भारद्वाज

दिल्ली पुलिस मे आईपीएस अधिकारी रहे डॉ. महेश भारद्वाज ने भाजपा का दामन थामा। भारद्वाज ने इस माह के शुरुआत मे ही वीआरएस-स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और राजनीतिक क्षेत्र मे कार्य करने की इच्छा जताई थी। अलवर जिला निवासी डॉ. महेश भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस मे सहायक आयुक्त से सरकारी सेवा की शुरुआत की। उन्होने दिल्ली पुलिस, अंडमान निकोबार, मिजोरम के अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ मे भी अपनी सेवाएं दी है। वे राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, सीबीआई, महामहिम राष्ट्रपति और उच्चतम न्यायलय जैसे देश के महत्वपूर्ण संस्थानों मे भी कार्य कर चुके हैं। 2015 मे सराहनीय सेवा के लिए और 2021 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका हैं।

---

**कांग्रेस उम्मीदवारों** की चयन प्रक्रिया...

# गहलोत की सीट से सबसे कम दावेदार, चौमूं सबसे पसंदीदा

- पहले फेज में ब्लॉक लेवल पर लिए आवेदन
- सरदारपुरा, कोटा उत्तर और सिविल लाइन से नाममात्र दावेदार
- सबसे ज्यादा चौमूं से दावेदार

**दिनेश डांगी** | बेधड़क

**जयपुर**। कांग्रेस में विधानसभा चुनाव में टिकटों के लिए कवायद जारी है। पहले फेज के तहत ब्लॉक अध्यक्षों के जरिए दावेदारों से आवेदन लिए जा चुके हैं। इसमें 200 विधानसभा सीटों पर करीब 1500 से ज्यादा दावेदारों ने टिकटों के लिए अपनी दावेदारी जताई है। चौमूं सीट से सबसे ज्यादा 109 नेताओं ने आवेदन किया है तो वहीं जयपुर शहर की आठों सीटों पर करीब 150 दावेदारों ने आवेदन किए हैं।

जो उम्मीदवार ब्लॉक लेवल पर आवेदन नहीं कर पाए वे अब शुक्रवार से जिला स्तर पर आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद दावेदार स्क्रीनिंग कमेटी को भी आवेदन कर सकते हैं। कांग्रेस इस बार कई लेवल पर जीताऊ उम्मीदवार का चयन करना चाहती है। इसके लिए ब्लॉक से लेकर जिला लेवल पर आवेदन लेने का फैसला लिया गया। इसके अलावा तीन-तीन सर्वे रिपोर्ट को भी आधार बनाया जाएगा।

राजस्थान में कांग्रेस में टोटल 400 ब्लॉक अध्यक्ष हैं, जिसके जरिए सभी 200 सीटों पर दावेदारों से एक तयशुदा चार पेज के परफॉर्मा में आवेदन लिए गए हैं।

सबसे ज्यादा आवेदन चौमूं सीट से आए हैं तो वहीं सबसे कम कोटा उत्तर, सरदारपुरा और सिविल लाइन सीट से आए हैं। 25 से 27 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी के लेवल पर आवेदन लिए जाएंगे और इसके बाद जिलेवार लगाए गए प्रदेश इलेक्शन समिति सदस्यों के साथ चर्चा करके पैनल तैयार होंगे। फिर वे सदस्य पैनल लिस्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप देंगे। उसके बाद आवेदन स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष पेश होंगे। स्क्रीनिंग कमेटी फिर तीन-तीन नामों का अंतिम पैनल तैयार करेगी। आवेदन करने वाले दावेदारों के नाम सर्वे रिपोर्ट से भी मिलान किए जाएंगे।




#### जयपुर की आठों सीटों पर 150 दावेदार

जयपुर शहर की 8 सीटों पर 150 उम्मीदवारों ने टिकटों के लिए ताल ठोकी है। सर्वाधिक आवेदन बगरु से 43 और सिविल लाइन सीट से चार नेताओं ने दावेदारी जताई है। सांगानेर से 25, मालवीय नगर से 25, किशनपोल से 12, हवामहल से 18, आदर्शनगर से 6 और विधाधर नगर से 17 उम्मीदवारों ने दावेदारी जताई है। हवामहल से मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी ने भी दावेदारी पेश की है।

#### कौन कहां से दावेदार

- **सिविल लाइन विधानसभा सीट:** मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, ओम राजोरिया, राजकुमार शर्मा और राजेश कर्नल
- **आदर्श नगर विधानसभा सीट:** विधायक रफीक खान, पार्षद उम्रदराज, जाकिर गुडएज और इमरान कुरैशी
- **सांगानेर विधानसभा सीट:** पुष्पेन्द्र भारद्वाज, बिरधीचंद शर्मा, दिव्या गुर्जर, सीताराम शर्मा नेहरू, विष्णु लाटा, विभूतिभूषण शर्मा, धर्म सिंह सिंघानिया
- **हवामहल विधानसभा सीट:** मंत्री महेश जोशी, रोहित जोशी, सुनिल शर्मा, बृजकिशोर शर्मा, ज्योति खंडेलवाल, पौरुष भारद्वाज, रुबी खान, अनवर अहमद, आलोक पारीक और कविता मिश्रा
- **किशनपोल विधानसभा सीट:** विधायक अमीन कागजी, आयशा सिद्दकी, ज्योति खंडेलवाल, राजू खान और इकबाल खान
- **विद्याधर नगर विधानसभा सीट:** सीताराम अग्रवाल, मंजू शर्मा, सुशील पारीक, शशि गुप्ता, हरेन्द्र जादौन, महेन्द्र सिंह खेड़ी, सत्येन्द्र राघव और प्रदीप तिवाड़ी
- **मालवीय नगर विधानसभा सीट:** अर्चना शर्मा, राजीव अरोड़ा, संजय बाफना, महेश शर्मा, पवन गोयल, कमल शर्मा, विचार व्यास, सुशील शर्मा, संगीता गर्ग, विमल यादव, रोमा जैन और गिरिश पारीक
- **बगरु विधानसभा सीट:** विधायक गंगा देवी, तारा बेनीवाल, लीलावती वर्मा, सत्यवीर अलोरिया और दीपक डंडोरिया।

---

**पंजाब से पानी का मसला**

# किसानों को उनके हक का पानी दिलाने जाएंगे मंत्री मालवीय

- मुख्यमंत्री गहलोत भी कर चुके हैं सीएम भगवंत मान से वार्ता



**बेधड़क** | जयपुर

गंगनहर क्षेत्र के काश्तकारों को पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने के लिए राजस्थान सरकार गंभीर है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को पंजाब के सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बातचीत करते हुए नहर में पानी बढ़वाने के प्रयास किए। अब जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय पंजाब जाएंगे।

वहां मालवीय सिंचाई मंत्री और अधिकारियों से बातचीत कर गंगनहर में पानी की मात्रा बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्व में इस संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत की थी। भगवंत मान ने आश्वासन दिया था कि पानी की मात्रा बढ़ाई जाएगी, लेकिन कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो सका है।

मुख्यमंत्री इस संबध में भगवंत मान से पुनः संपर्क कर रहे हैं। राजस्थान सरकार इस संबंध में सजगता के साथ स्थिति की निगरानी कर रही है। गहलोत ने जल संसाधन मंत्री मालवीय को निर्देश दिए हैं कि वे इस मुद्दे पर पंजाब जाकर सिंचाई मंत्री सहित उच्च अधिकारियों से बातचीत करें, ताकि किसानों को पर्याप्त पानी मिल सके।

गहलोत ने बताया कि सिंचाई विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारी पिछले तीन दिनों से पंजाब में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क करते हुए नहर में पानी बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। अमरजीत मेहरडा के साथ सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों का दल पंजाब में ही है और वहां के सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नहर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है।

गौरतलब है कि राजस्थान में ईआरसीपी के मुद्दे को लेकर लगातार मांग उठती रही है। जिसको लेकर भाजपा और कांग्रेस पर एक दूसरे पर आरोप लगाती रही है।

---

**पंजाब सरकार की ओर से** चार शहरों के रोड शो का उद्घाटन

# 'रंगला पंजाब' पर्यटन शिखर सम्मेलन और ट्रैवल मार्ट 11 से होगा आयोजित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के पर्यटन विभाग की तर्ज पर पंजाब सरकार भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। इसी कड़ी में राजधानी के निजी होटल में पंजाब सरकार की ओर से चार शहरों के रोड शो का उद्घाटन किया गया।

इसके अलावा यहां रंगला पंजाब के तहत कई रणनीतिक पहलों की घोषणा की। यह राज्य को पर्यटन और फिल्म शूटिंग के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने और इसकी समृद्ध विरासत, परंपराओं, कला, रूप, और रीति-रिवाज को प्रदर्शित करने के लिए 11-13 सितंबर तक मोहाली में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के दूरदर्शी पर्यटन पेशेवरों को पंजाब में लाना और राज्य को एक शीर्ष पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना है।



इस आयोजन में विदेशी और घरेलू टूर संचालक, डीएमसी, डीएमओ, ट्रैवल ट्रेड मीडिया, ट्रैवल इंफ्लूएंसर, होटल ऑपरेटर, बी एंड बी और फार्म स्टे के मालिक, पर्यटन बोर्ड आदि की भी भागीदारी होगी।

---

**देशभर से करीब 80** अधिकारी हो रहे शामिल

# महानिदेशक आयकर सिस्टम्स की ऑल इण्डिया कॉन्फ्रेंस आज से

**बेधड़क** | जयपुर

आयकर विभाग में कम्प्यूटरीकरण व संबंधित कार्य देखने वाली शाखा आयकर सिस्टम्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस उदयपुर में शुक्रवार से शुरू होगी। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के लिए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष नितिन गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन देर रात तक उनके उदयपुर आगमन की पुष्टि नहीं हो सकी। उदयपुर के होटल रेडिसन ब्ल्यू के राजमहल हॉल में होने वाली इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में आयकर विभाग के महानिदेशालय सिस्टम्स से सम्बद्ध देश भर के करीब 80 अधिकारियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। निदेशालय के महानिदेशक दिलीप शिवपुरी उदयपुर पहुंच चुके है।

इसके अलावा राजस्थान की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त इरीना गर्ग भी इन दिनों इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन को लेकर उदयपुर ही है। सूत्रों का कहना है कि शनिवार तक होने वाली इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विभाग की ओर से किए जाने वाले विभिन्न ऑनलाइन कार्य प्रणाली के बेहतर उपयोग व इसमें आ रही समस्याओं को दूर किए जाने के संबंध में मंथन किया जाएगा। विभाग का महानिदेशालय सिस्टम्स ई-फाइलिंग, ई-एज्यूकेशन, डेटा प्रोसेसिंग, आयकर रिटर्न प्रोसेसिंग के लिए टूल्स विकसित किए जाने से संबंधित विभिन्न कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़ा है।

उम्मीद की जा रही है कि इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में होने वाली चर्चाओं से आयकर विभाग के कम्प्यूटरीकरण को और मजबूत होने में मदद मिलेगी।

---

**मतदाता सूचियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित**

# मतदाता सूची में 19 सितंबर तक संशोधन संभव: गुप्ता

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन विभाग ने की बैठक

**बेधड़क** | जयपुर

मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर निर्वाचन विभाग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को बैठक की।

बैठक में मतदाताओं सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदान केन्द्रों के पुनगर्ठन, आयोग की ओर से किए गए नवाचारों के बारे में चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी



प्रवीण गुप्ता ने कहा कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है तथा इस प्रारूप मतदाता सूची के माध्यम से मतदाता विवरण, मतदान केन्द्र आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची के विवरण में संशोधन के लिए दावे एवं आपत्तियां 19 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं तथा इसके लिए प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक 27 अगस्त एवं 10 सितम्बर को विशेष कैम्प भी आयोजित किए जाएंगे।

इन कैम्प में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

#### बीएलओ का सहयोग करें, दोहरी प्रविष्टियां हटवाएं

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं के ज़रिए मतदाता सूचियों में नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने के कार्य में बीएलओं का सहयोग करें। साथ ही वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में मृत स्थानांतरित या दोहरी प्रविष्टियों की सूची डीईओ, ईआरओ या बीएलओ को देवें।

#### 601 नए मतदान केंद्र गठित

प्रदेश में 601 नए मतदान केन्द्रों का गठन एवं 32 मतदान केन्द्रों का समायोजन किया गया है। इससे कुल 569 मतदान केन्द्रों की बढ़ोतरी हुई है, अब राज्य में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 51 हजार 756 है। साथ ही, इसमें 427 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि 1425 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले एवं 2 किमी. की परिधि से अधिक दूरी पर स्थित मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन किया गया है।

#### ई-ईपिक एप डाउनलोड करने की दी जानकारी

गुप्ता ने आयोग के नवाचारों का जिक्र करते हुए कहा कि मतदाताओं को नाम जुड़वाने, संशोधन आदि के ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित जानकारियां एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जा रही है। इस दौरान उन्होंने ई-ईपिक एप डाउनलोड करने की जानकारी भी दी तथा वोटर हेल्पलाइन एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील भी की। बैठक में निवार्चन विभाग के अधिकारियों के साथ ही विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# रोडवेज में टायर प्रबंधन की कार्यशाला आयोजित



**बेधड़क** | जयपुर

टायरों के रखरखाव और उनकी औसत आयु को बढ़ाने के लिए रोडवेज की ओर से एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि रोडवेज बसों में टायरों की औसत आयु बढाकर खर्चो और डीजल खपत को कम करने, दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें टायर उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा टायर प्रेशर, अलाइनमेंट, बैलेंसिंग रिपेयर जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

गौरतलब है कि निगम प्रबंधन द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा कार्मिको को प्रशिक्षित कर संचालन व्यय, रखरखाव आदि को नियंत्रित करने एवं हानि को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन ऑटोमेटिव टायर मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के सहयोग से किया।

## जरूरी खबर

### सराफ ने वैज्ञानिक के माता-पिता से की मुलाकात



**जयपुर।** मिशन चंद्रयान-3 टीम में शामिल तन्मय सिंघल के माता पिता से गुरुवार को मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने मुलाकात की। तन्मय सिंघल इसरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं। उन्होंने और उनकी टीम ने दिन-रात अथक परिश्रम करके हमारे देश को इस ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचाया है। विधायक सराफ उनके बापू नगर स्थित निवास पर पहुंचे और उनके पिता आलोक सिंघल एवं मां नीतू से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। विधायक ने तन्मय सिंगल से फोन पर बात करके उनको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टीम मेहनत की बदौलत हमारा देश विश्व में पहला ऐसा देश बना है। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व चेयरमैन संजीव शर्मा, यस वी केन सोसायटी के अध्यक्ष आशीष भी उपस्थित रहे।

### 20% से अधिक लाभार्थी रहेंगे फ्री गेहूं से वंचित

**जयपुर।** राजधानी स्थित उचित मूल्य की राशन की करीब 500 से अधिक दुकानों पर 20 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त गेहूं नहीं मिल पाएगा। दरअसल रसद विभाग की ओर से सितंबर महीने के लिए 22 प्रतिशत कम गेहूं अलॉट किया गया है। इसके चलते प्रत्येक राशन की दुकानों पर कई क्विंटल कम अनाज पहुंचा है। इधर एक तरफ विभाग की ओर से प्रदेश में कोई भी लाभार्थी कहीं से अनाज और अन्नपूर्णा किट प्राप्त कर सकता है वहीं विभाग की ओर से प्रत्येक राशन की दुकान पर कम गेहूं का वितरण आमजन और राशन डीलर्स किए लिए मुसीबत बन जाएगा। राशन डीलर्स के अनुसार लाभार्थी को गेहूं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। अगर विभाग की ओर से कम अलॉटमेंट किया गया है तो यह हमारे उनके लिए मुसीबत खड़ी होगी।

**हाई कोर्ट का निर्णय:** 'वन बार-वन वोट' प्रिंसिपल को लागू करने की कवायद

# प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन में एक साथ होंगे इलेक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश दिया कि राज्य की सभी 12 संगठनों में 8 दिसंबर 2023 को एक साथ चुनाव होंगे। भविष्य में भी हर साल दिसंबर माह के द्वितीय शुक्रवार को राजस्थान में एक साथ सभी 12 एसोसिएशन में चुनाव का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान से करीब 250 बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड हैं। इसमें हाईकोर्ट से लेकर प्रदेश की सेशन कोर्ट, ट्रिब्यूनल्स, आयोगों की बार सहित अन्य बार एसोसिएशन शामिल हैं। प्रदेश में करीब 1 लाख एडवोकेट बीसीआर से रजिस्टर्ड हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि राजस्थान के अंदर वन बार वन वोट प्रिंसिपल को लागू करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी राज्य की समस्त बार एसोसिएशंस चाहे वह उच्च न्यायालय हो या अधीनस्थ न्यायालय हो या ट्रिब्यूनल हो में एक ही दिन में चुनाव कराया जाना चाहिए।

इससे पहले इसको लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय में गुरुवार को लंबी सुनवाई चली। इसमें मुख्य न्यायाधीश अगस्तिन जॉर्ज मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह महत्वपूर्ण आदेश दिया कि राज्य में जिन भी 12 संगठन का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, वह 8 दिसंबर तक कार्य करती रहेगी। जिन 12 संगठन में हाल ही में चुनाव हुए हैं। वह सभी बार एसोसिएशन भंग कर दी जाएगी और 8 दिसंबर को दोबारा से उनमें चुनाव कराए जाएंगे।

हाईकोर्ट ने साल 2017 में बीसीआर के रूल्स को रद्द कर दिया था। बीसीआर ने कहा कि बार एसोसिएशनों का अपना-अपना विधान है। ऐसे में बीसीआर के रूल्स उन पर थोपे नहीं जा सकते हैं। हाईकोर्ट ही इस बारे में कोई निर्णय लें।



### पंजाब-हरियाणा में पहले से था आदेश

उच्च न्यायालय नहीं माना कि राज्य के अंदर अधिकांश अधिवक्ता उच्च न्यायालय के अंदर जाकर मताधिकार का प्रयोग करते हैं। जिससे सही रिप्रेजेंटेटिव बार में चुनकर के नहीं आ रहे हैं इसलिए न्यायालय ने आज यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया। ऐसा ही आदेश पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में पूर्व में किया हुआ है और पंजाब के अंदर भी एक ही तारीख पर आदेश के बाद चुनाव बार एसोसिएशन में किए जाते हैं।

### हाई कोर्ट ने पूछी थी BCR की मंशा

पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ राजस्थान (बीसीआर) से पूछा था कि क्या बीसीआर प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन में एक दिन चुनाव कराने की मंशा रखती है। इस पर बीसीआर के एडवोकेट प्रतीक कासलीवाल ने कोर्ट को बताया कि बीसीआर ने तो साल 2013 में इसे लेकर रूल्स भी बनाए थे, जिसे बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**नगर निगम हेरिटेज:** मेयर की कम नहीं हो रहीं मुश्किलें

# पदभार ग्रहण करते ही महापौर को DLB ने पकड़ाया नोटिस

## मेयर मुनेश गुर्जर बोलीं- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर बताऊंगी पूरा मामला

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। राजस्थान हाई कोर्ट ने रिश्वत प्रकरण मामले में दलीलें सुनने के बाद उनके निलंबन पर रोक लगा दी। इसके बाद उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया, लेकिन पदभार ग्रहण करते ही स्वायत्त शासन विभाग ने उन्हें गुरुवार को ही फिर से नोटिस थमा दिया। 23 अगस्त को जारी इस नोटिस में महापौर से राजेंद्र वर्मा प्रकरण में स्पष्टीकरण मांगा है।

गुर्जर से इस संबंध में अगले 3 दिन में जवाब देने को कहा है। तय दिनों में जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दूसरी तरफ पदभार ग्रहण करने के बाद उनके समर्थकों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके अलावा हेरिटेज निगम में दिनभर खुशी का माहौल रहा।

गौरतलब है कि हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर को राज्य के स्वायत्त शासन विभाग ने उनके पति की ओर से कथित तौर पर 2 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद मुनेश ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।



### दूसरों के लिए गड्ढा खोदने वाला खुद गिरता है

मुनेश गुर्जर के ससुर कैप्टन राम प्रसाद गुर्जर ने कोर्ट से राहत मिलने के बाद कहा कि ऊपर वाला हमेशा सही फैसला करता है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी लिखा, जो किसी के लिए गड्ढा खोदता है, वह खुद उसमें गिरता है। पहले से भी ज्यादा खुशी हो रही है, क्योंकि अगर कोई इंसान समुद्र में डूब रहा होता है और वह बच जाता है तो उसे पहले से भी ज्यादा खुशी महसूस होती है, क्योंकि उसे नया जीवन मिला होता है। उन्होंने कहा कि षड्यंत्र करने वालों को जवाब मिल गया है, जो भविष्य में और ज्यादा मिलेगा।

### मुझे भगवान पर पूरा भरोसा

हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद पदभार संभालने से पहले गुरुवार को महापौर ने गोविंददेवजी मंदिर और मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने कहा कि मुझे भगवान पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मिलने का समय दिया तो उनसे मिलकर पूरी घटना से अवगत कराऊंगी। उन्होंने कहा कि पार्षद मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। मुझे सरकार, अपनी पार्टी और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मेयर ने कहा कि पूर्ण निष्ठा से काम करूंगी। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कांग्रेसी व निर्दलीय पार्षद मेयर के साथ रहे।

### मामले को दिया जा रहा तूल

स्वायत्त शासन विभाग ने राजेंद्र वर्मा प्रकरण में गुरुवार को मुनेश गुर्जर को नोटिस दिया। नोटिस को लेकर मुनेश ने सफाई पेश करते हुए कहा कि इस मामले की जांच जारी है। राजेंद्र वर्मा प्रकरण में सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि पार्षदों को भी नोटिस जारी हुए हैं। मीडिया और आम जनता को भी पता है किस तरह इस मामले को तूल दिया जा रहा है, जबकि इस मामले की पुलिस जांच तक पूरी नहीं हुई है। इधर नोटिस में लिखा है कि तय समय में जवाब विभाग को नहीं मिलने पर आपके खिलाफ राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 के तहत एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी खुद की होगी।

**करधनी थाना इलाके का मामला**

# इमरान बना रोहित धर्म बदलकर लड़की को फंसाया



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के करधनी इलाके में एक मुस्लिम युवक का नाम छुपाकर लड़की को अपने जाल में फंसाने का मामले सामने आया है। इसमें इमरान नाम के युवक ने अपना नाम रोहित बताकर लड़की से चैट करना शुरू किया। मगर जब मामले का खुलासा हुआ तो वह अपनी असली पहचान छुपा नहीं पाया।

पुलिस ने आरोपी का गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी नसरुल्लाह उर्फ इमरान मूलतः बिहार के दरभंगा का रहने वाला है। जो वर्तमान में दिल्ली के रणजीत नगर में किराए से रहता है। आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए खुद को रोहित सिंह बताकर करधनी की नाबालिग किशोरी से सोशल मीडिया पर बातचीत की। आरोपी ने किशोरी को बातों में उलझाकर मिलने के तैयार कर लिया और खुद दिल्ली से जयपुर आ गया। यहां किशोरी को घर से बाहर बुलाकर कॉलोनी में लेकर घूम रहा था। तभी घरवालों को पता चला तो आरोपी को पकड़ा तो पूछताछ में भी आरोपी खुद को रोहित सिंह ही बताया, लेकिन कॉलोनी के लोगों ने सख्ती से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आई।

इस दौरान आरोपी का वास्तविक नाम व धर्म का पता चला तो किशोरी छत से कूद गई। इससे उनके शरीर चोटें लगी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची करधनी थाना पुलिस ने परिजनों की तरफ केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर दिया। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें।


**बीसलपुर:** डिग्गी के पास पाइप लाइन में बड़ा लीकेज

# कई क्षेत्रों आज भी नहीं आएगा पानी

**बेधड़क** | जयपुर

बीसलपुर से पानी की आवक नहीं होने की वजह से राजधानी के कई इलाकों में गुरुवार को पानी की सप्लाई नहीं हुई। इसकी वजह से कच्ची बस्ती वाले इलाकों और रोजाना पानी भरकर अपना काम चलाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को भी कई इलाकों में बीसलपुर पानी की सप्लाई बंद रहेगी।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि सूरजपुरा पंप हाउस से करीब 41 किमी आगे डिग्गी के पास लाइन में एक बड़ा लीकेज हुआ है। इस लीकेज से बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। इसे ठीक करने के लिए शटडाउन लेना जरूरी है। ये शटडाउन गुरुवार को सुबह 9 से शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक लिया गया है। इसके कारण जयपुर शहर के अधिकतर इलाकों में दो दिन पानी की सप्लाई नहीं की जाएगी। दरअसल शहर में बीसलपुर परियोजना से वर्तमान में 5.30 लाख घरों में पानी सप्लाई किया जाता है। वहीं 90 फीसदी आबादी बीसलपुर बांध के पानी पर ही निर्भर है। बांध से हर रोज जयपुर शहर के लिए 470 एमएलडी से ज्यादा पानी की सप्लाई होती है। इसके अलावा शेष एरिया में सरकारी और निजी ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई की जाती है।



**वाणिज्यिक कर आयुक्त ने दिया अधिकारी संघ को आश्वासन**


# समस्याओं का होगा समय पर निस्तारण

**बेधड़क** | जयपुर

वाणिज्यिक कर विभाग में नवंबर 2021 को हुए पुनर्गठन के बाद आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए वाणिज्यिक कर विभाग में एक समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति पुनर्गठन के कारण आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित सुझाव देगी।

वाणिज्यिक कर आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर और राजस्थान स्टेट टैक्स अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों की गुरुवार को हुई मुलाकात में इस मुद्दे पर सहमति बनी है। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने वाणिज्यिक कर अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक नहीं होने को लेकर भी आयुक्त से चर्चा की, जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन आयुक्त ने दिया।

संघ की ओर से वैट प्रकरणों के निस्तारण में आ रही कठिनाइयों और इस संबंध में विभाग के वित्तीय सलाहकार महेंद्र सिंह भूकर के हस्ताक्षर से लगातार जारी हो रहे नोटिस का मुद्दा भी वाणिज्यिक कर आयुक्त के समक्ष उठाया गया। इस बारे में आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने स्पष्ट किया कि यदि अधिकारियों के समक्ष क्षेत्राधिकार को लेकर कोई समस्या है तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन जिस अधिकारी की जिम्मेदारी वैट प्रकरणों के निस्तारण करने की है, उसे तो समयबद्ध रूप से करना ही होगा। उल्लेखनीय है कि वैट प्रकरणों के निस्तारण को लेकर आ रही क्षेत्राधिकार की समस्याएं और इसके कारण अनावश्यक रूप से भेजे जा रहे नोटिस के चलते स्टेट जीएसटी अधिकारियों के बढ़ते तनाव को लेकर सच बेधड़क ने 24 अगस्त, गुरुवार के अंक में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था।




**शिवदासपुरा थाने में दर्ज एफआईआर में सोने की चेन और नकदी छीनने के आरोप**

# महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के गार्ड्स ने की स्टूडेंट्स के साथ मारपीट

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट के शिवदासपुरा थाना इलाके में स्थित महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के इंटर्न स्टूडेंट्स के साथ कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा शराब के नशे में मारपीट करने और सोने की चेन व नकदी छीनने का मामला सामने आया है।

इस मामले को लेकर स्टूडेंट महेश नगर निवासी परीक्षित पिंगालिया ने थाने में नामजद एफआईआर कराई है। इसकी जांच थाना पुलिस के हैड कांस्टेबल राजाराम को सौंपी गई है। इस मामले में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन एमएल स्वर्णकार से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने अपना फोन नहीं उठाया










### यह था पूरा मामला

महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप करने वाले परीक्षित पिंगालिया ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि वह 18 अगस्त को कैंपस में स्थित सरयू हॉस्टल से रात करीब 9 बजे अपने दोस्त हर्षित नेहरा के साथ कार से शहर के लिए जा रहा था। तभी कॉलेज के गेट नंबर पांच, जो नर्सिंग मेडिकल कॉलेज के पास है, वहां पर मौजूद सिक्योरिटी कर्मियों ने उन्हें रुकवाया और रोकते ही शराब के नशे में गालियां देने लगे। करीब 10 से 12 सुरक्षा कर्मियों ने उसको और उसके दोस्त को कार से बाहर निकालकर लाठी डंडों और लात घूंसो से मारपीट की। इस दौरान मौके पर 10 से 12 गार्ड मौजूद थे। परिवादी ने आरोप लगाए कि गार्ड ने उसकी सोने की चेन छीन ली और उसके दोस्त हर्षित की जेब से करीब 55 हजार रुपए निकाल लिए। साथ ही दोनों के हाथ की घड़ी भी ले गए। परिवादी ने अपनी रिपोर्ट में मारपीट करने वालों में दशरथ सिंह, घनश्याम, महावीर, ज्ञानप्रकाश, कल्लू शर्मा, राहुल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है और 7-8 अन्य अज्ञात के खिलाफ आरोप लगाए हैं। परिवादी ने बताया कि उन्हें काफी चोट आई है और उन्होंने पूरे मामले की शिकायत प्रिंसिपल और हॉस्टल वार्डन को भी कर दी है।




### कोई कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस

परीक्षित ने बताया कि उन्हें हॉस्पिटल से लगभग 50 मीटर की दूरी तक महात्मा गांधी स्टेच्यू तक पीटते हुए ले गए। मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाए एक सप्ताह हो गया, लेकिन पुलिस कॉलेज संचालक की ऊंची रसूख के कारण कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## जरूरी खबर

### उप राष्ट्रपति 27 को आएंगे लोहार्गल, तैयारियां शुरू



**झुंझुनूं।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 27 अगस्त को लोहार्गल धाम आने का कार्यक्रम है। उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन, नवलगढ़ उपखंड प्रशासन सहित इंटेलिजेंस टीम तैयारियों में जुट गई है। नवलगढ़ एसडीएम सुमन सोनल ने बताया कि लोहार्गल धाम से 9 किलोमीटर पहले देवीपुरा में हेलिपैड बनाया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने बुधवार को हेलिपेड स्थल व लोहार्गल तक के संपूर्ण मार्ग का निरीक्षण किया।

### सर्व हिंदू समाज ने दिया अतिक्रमण के विरोध में धरना

**कोटा।** सर्व हिंदू समाज संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ। इसमें विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ता भी शामिल हुए। विहिप के सह प्रचार प्रमुख पवन पारीक ने बताया यह धरना रोज दोपहर 11 से 1 बजे तक चलेगा। विहिप के महानगर अध्यक्ष श्रीनाथ मित्तल ने कहा की एक समुदाय विशेष द्वारा शहर में बरकत उद्यान, शॉपिंग सेंटर सहित जगह-जगह मस्जिद, मजार व कब्रिस्तान के नाम पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके विरोध में सर्व हिंदू समाज संघर्ष समिति द्वारा दिए जा रहा है। इन अतिक्रमण को जल्द हटाएं, अन्यथा सर्व हिंदू समाज को उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा ।

### नेत्रदान जागरुकता पखवाड़े का शुभारम्भ आज से



**कोटा।** आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चेप्टर की ओर से गुरुवार को 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के पोस्टर का विमोचन आईजी कोटा प्रसन्ना कुमार खमेसरा ने किया। इस मौके पर डॉ. के. के. कंजोलिया ने बताया कि समूचे देशभर में 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान जागरुकता पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाया जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य नेत्रदान की भ्रांतियों को दूर करना है। वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने बताया कि विश्व में प्रत्येक पांच सेकंड में एक वयस्क व्यक्ति एवं प्रति मिनट एक बच्चा अंधता से ग्रस्त होता है।

**पेयजल की मांग:** सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की समझाइश विफल, समाधान होने पर ही नीचे उतरने पर अड़े

# पेयजल किल्लत से त्रस्त ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़े

**बेधड़क** | चूरू/सरदारशहर

पिछले कुछ महीनों से लगातार ग्राम पंचायत काकलासर व छाजुसर के ग्रामीण पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। गुरुवार को ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित ग्रामीण पेयजल की मांग को लेकर गांव में स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए।

इसकी सूचना मिलते ही भालेरी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश कर नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण समस्या का स्थाई समाधान होने पर ही नीचे उतरने पर अड़े रहे। टंकी पर चढ़े ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उच्च अधिकारी मौके पर आकर हमारी समस्या का समाधान नहीं करेंगे, तब तक हम टंकी से नीचे नहीं उतरेंगे। वहीं पानी की टंकी के नीचे ग्राम पंचायत काकलसर के सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से लगातार पानी की समस्या गांव काकलसर व छाजूसर में बनी हुई है। इस टंकी से दोनों गांव के ग्रामीण लाभान्वित होते थे, लेकिन पिछले कुछ महीनों से लगातार पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों की ओर से कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी समाधान नहीं हुआ। मजबूरन ग्रामीणों को विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा।



### आर-पार की लड़ाई का बनाया मन

सरपंच प्रतिनिधि सिंह ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर गांव के कुछ युवा साथियों ने यह निर्णय लिया है कि समस्या समाधान के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। जब तक हर घर में पानी नहीं पहुंचेगा तब तक हम यहां से वापस नहीं जाएंगे। गांव के राजेंद्र देहडू ने बताया की गांव काकलासर और छाजुसर में पानी की बड़ी भारी समस्या है। दोनों गांव में करीब 1200 घर हैं। यहां 3 हजार परिवार पेयजल किल्लत की समस्या से जूझ रहे हैं। हम हर बार अधिकारियों के सामने समस्या को रखते हैं, लेकिन अधिकारी हर बार हमें आश्वासन देकर भेज देते हैं। अधिकारियों की नाकामी के चलते हमें मजबूरन प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उच्च अधिकारी नहीं आएंगे हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा।

### कई बार की शिकायत, नहीं निकला हल

सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग के नीचे से लेकर ऊपर तक सभी अधिकारियों को हमने कई बार समस्या से अवगत करवा दिया, लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। समस्या जस की तस बनी हुई है। गांव में पीने के पानी की बड़ी भयंकर समस्या है। कोई सुनवाई करने वाला नहीं है। केंद्र सरकार की की ओर से 5 करोड़ की लागत से नई टंकी बनी है। राज्य सरकार की हठधर्मिता व अनदेखी के कारण यह टंकी जर्जर होती जा रही है। जबकि इस टंकी का उद्घाटन अभी नहीं हुआ है। घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। 6 केजी के प्रेशर की पानी की लाइन का टेंडर हुआ है, लेकिन 1 केजी का यह प्रेशर ले नहीं पा रही है। कब तक ग्रामीण प्यासे मरते रहेंगे?

**केंद्रीय मंत्री और** राजस्थान प्रभारी रहे डूंगरपुर दौरे पर

# फ्री बिजली के फेर में जनता को बिजली से ही फ्री किया: जोशी

- कोल इंडिया के 515 करोड़ बकाया, फिर भी केंद्र को देते हैं दोष

**बेधड़क** | डूंगरपुर

आगामी 3 सितम्बर को भाजपा की ओर से बेणेश्वर धाम से परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ होने वाला है। इसी को लेकर केंद्रीय मंत्री और राजस्थान प्रभारी प्रहलाद जोशी गुरुवार को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। वे सुबह उदयपुर से सीधे बेणेश्वर धाम पहुंचे, जहां पर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद ब्रह्मा मंदिर में आगामी परिवर्तन यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक ली।

इसके बाद आसपुर मार्ग से होते हुए शाम को डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर पहुंचे। भाजपा पदाधिकारियों ने डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर पहुंचने पर स्वागत किया। स्वागत करने में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, पूर्व सभापति केके गुप्ता, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, मीडिया प्रभारी हर्ष शर्मा, किरणेश्वर चौबीसा मौजूद थे। इससे पूर्व तिजवड़ स्थित होटल साईं पैलेस में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रेस वार्ता में बताया की परिवर्तन यात्रा बेणेश्वर धाम से शुरू होगी। इसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रवाना करेंगे। इससे पूर्व एक आम सभा होगी। गहलोत सरकार की फ्री स्कीम के दुष्परिणाम बताते हुए उन्होंने कहा कि अब राज्य में गुपचुप बिजली कटौती शुरू हो गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने मुफ्त बिजली की घोषणा कर रखी है, वहीं अब लोग बिजली से फ्री होते जा रहे हैं। राज्य में कई जगह पर अघोषित पावर कट चल रहा है। लोगों के बिजली के बिल दुगुने कर दिए है, अब आमजन पुरानी व्यवस्था से बिल मांग रहे हैं। प्रहलाद जोशी ने राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अत्याचार और क्राइम में बढ़ोत्तरी पर चिंता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ेगा। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को सबसे ज्यादा बुरी हार मिली थी। इसी प्रकार इस बार भी राज्य में कांग्रेस पार्टी 25-30 सीटों पर सिमट जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भष्ट्राचार और कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है। डूंगरपुर पत्थरबाजी, दुष्कर्म और पेपरलीक मामलों से ज्यादा प्रभावित रहा है।



### 515 करोड़ मांग रहा है कोल इंडिया

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने बताया की राज्य से कोल इंडिया का 515 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार कोयला उधारी में दे रही है। फिर भी कांग्रेस के मुख्यमंत्री गहलोत झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कहते हैं कि केंद्र सरकार हमे तय समय में कोयला आंवटित नहीं करती। मुख्यमंत्री अपनी लापरवाही केंद्र सरकार के ऊपर मढ़ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार, फिर भी कोल ब्लॉक से खनन बंद

केन्द्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में कोयले का 12 दिन का भरपूर स्टॉक है। राज्य में कोयले की मांग 6.70 मिलियन टन थी। हम 6.8 मिलियन तक सप्लाई कर चुके हैं। आरसीआर मोड (रेल ट्रांसपोर्ट) से हमने 24 लाख टन देने की पेशकश की थी। उसमें से राजस्थान 17.6 लाख टन कोयला उठा चुका है। फिर भी केंद्र सरकार पर दोष मढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार है। छत्तीसगढ़ में पांच साल पहले कोल ब्लॉक माइंस आवंटित हो चुकी है। वहां पर खनन शुरू हुआ था तभी वहां के पंचायतीराज मंत्री टीएस सिंह देव और मुख्यमंत्री के झगड़े के बाद खनन रोक दिया था। इसके कारण राजस्थान के हक का कोयल आज तक नहीं मिला। इस संबंध में दोनों मुख्यमंत्री से बात की, फिर भी कोई रास्ता नही निकला। दोनों 3 मुख्यमंत्री जनता के बारे में सोचते तो कोई रास्त निकाल सकता था।

**पायलट ने** जताया भरोसा

# प्रदेश में रचा जाएगा इतिहास, फिर कांग्रेस की बनेगी सरकार



**बेधड़क** | अजमेर

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने विश्वास जताया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में इतिहास रचा जाएगा और राजस्थान में कांग्रेस सरकार की वापसी होगी। साथ ही उन्होंने मुख्य विपक्षी दल भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह केन्द्र और राज्य दोनों जगह अपनी भूमिका निभाने में पार्टी विफल रही है। पायलट गुरुवार को ब्यावर जिले के विजयनगर में किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

राज्य में बारी-बारी से कांग्रेस और भाजपा की सरकार बनने की दशकों पुरानी परिपाटी का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा कि इस बार यह परम्परा टूटेगी। मुझे ऐसा अहसास हो रहा है कि इस बार इतिहास रचा जाएगा और पुनः कांग्रेस पार्टी की सरकार यहां बनेगी। उन्होंने कहा कि आज भी हमारी हर योजना, हर नीति, हर कार्यक्रम और बजट में हमारी सबसे पहली चिंता होती नौजवानों, किसान भाइयों की मदद करने की होती है। भाजपा पर केन्द्र और राज्य में अपनी भूमिका निभाने में असफल रहने का आरोप लगाते हुए पायलट ने कहा, 'केन्द्र में ऐसी पार्टी की सरकार है जो केन्द्रीय सत्ता में असफल हो गई है।

वहीं यह पार्टी राजस्थान में विपक्ष की भूमिका में असफल हो गई है। राज्य में भाजपा ने सदन में तथा सदन के बाहर अपनी भूमिका नहीं निभाई।' केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए पायलट ने कहा कि नौ साल के शासनकाल में हर वर्ग खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। हर वर्ग को सिर्फ पीड़ा और परेशानी मिली है।

**लोस अध्यक्ष ने किया** कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

# किसान, मजदूर, युवा व महिलाओं को बनाएंगे सक्षमः ओम बिरला

**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सुल्तानपुर क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात दी। उन्होंने 'खेलो इंडिया' के तहत 4.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के साथ 5.56 करोड़ रुपए की लागत के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को बिरला ने कहा कि किसान, मजदूर, युवाओं और महिलाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाकर हम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पीकर बिरला ने कहा कि क्षेत्र के लोग वर्षों से खेल सुविधाओं की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे कोटा में आर्थिक समृद्धि लाएगा।

### विद्यार्थियों के लिए होगा 'कोटा कार्निवल'

जिला मुख्यालय पर अध्ययनरत कोचिंग विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने एवं खुशनुमा माहौल देने के लिए कोटा कार्निवल का आयोजन 6 व 23 सितम्बर को किया जाएगा। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में गुरुवार को कोटा कार्निवल की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें कलेक्टर ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल संचालकों के संगठनों से चर्चा कर कॉर्निवल में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मंनोरजक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। इस दौरान देशभर की सांस्कृतिक विशेषताओ को समेटते हुए दिनभर संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**हादसे में छह मृतक** गंगापुर सिटी के महुकला गांव के थे निवासी

# नेपाल में तीर्थ यात्रियों की बस खाई में गिरी, सात लोगों की मौत, 11 घायल

**बेधड़क** | गंगापुर सिटी

नेपाल के बारा जिले में पशुपतिनाथ के दर्शन कर लौट रहे तीर्थ यात्रियों से भरी बस बुधवार देर रात 150 फीट खाई में गिर गई। बस के खाई में गिरने से 7 लोगों की मौके पर ही दम तोड दिया जबकि नो वर्षीय बालिका सहित 11 लोग घायल हो गए।

हादसे में मारे गए छह लोग गंगापुर सिटी के महुकला गांव के निवासी है और एक नेपाल का ही निवासी है। जबकि 4 लोगो के गंभीर घायल होने से नेपाल में भी उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार बस बुधवार रात करीब 11 बजे काठमांडू से लोहरपट्टी के लिए रवाना हुई थी। बारा जिले में त्रिशूल नदी के पास अचनक बस का संतुलन बिगड़ने से बस खाई में जा गिरी। सभी यात्री जनकपुरी में घूमने के लिए जा रहे थे।

सभी छह मृतक को भारतीय दूतावास ने एंबुलेंस के जरिए गंगापुर में भिजवाया है। जहां उनके शव गंगापुर में शुक्रवार देर रात तक पहुंचेंगे।



### भीषण हादसे में इनकी गई जान

हादसे में जान गंवाने वाले गंगापुर सिटी राजेंद्र चतुर्वेदी, सत्यवती चतुर्वेदी, श्री कांत चतुर्वेदी, बैजयंती चतुर्वेदी, मीरा देवी, बहादुर सिंह गंगापुर सिटी के महू कलां गांव के निवासी है। जबकि घायलों में माया चतुर्वेदी, घनश्याम चतुर्वेदी और राम प्रसाद सैनी है। जिनके घनश्याम चतुर्वेदी और रामप्रसाद की हालत गंभीर बताई जा रही है। शेष को प्राथमिक इलाज कर छुट्टी दे दी है।

**ट्यूशन पढ़ने आई बालिका का रस्सी से घोंटा था गला**

# छात्रा के हत्यारे टीचर को दी अंतिम सांस तक कैद

**बेधड़क** | कोटा

जिले में करीब डेढ साल पहले नाबालिग छात्रा की हत्या के बहुचर्चित मामले में कोर्ट ने आरोपी टीचर गौरव जैन को अंतिम सांस तक कैद की सजा सुनाई है। सिटी एसपी शरद चौधरी ने बताया कि मामले में 17 महीने में बाद पास्को कोर्ट ने फैसला सुनाया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट में 64 गवाहों के बयान हुए।

कोर्ट ने 158 पेज में फैसला सुनाया है। सिटी एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया था कि 13 फरवरी 2022 को रामपुरा थाना क्षेत्र निवासी गौरव जैन ने उसके पास ट्यूशन पढ़ने वाली 15 वर्ष की छात्रा से रेप करने का प्रयास किया। छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी टीचर ने उसके हाथ-पैर बांधने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी।

जब छात्रा घर नहीं पहुंची तो परिजन गौरव के घर गए। वहां ताला तोड़कर कमरे में गए तो हत्या का खुलासा हुआ था। इस जघन्य हत्याकांड के बाद पूरा कोटा आंदोलन पर उतर आया था। कोर्ट के फैसले के बाद पीड़िता के पिता ने कहा कि सत्य की जीत हुई है।

पुलिस-प्रशासन, वकील और न्याय व्यवस्था को मेरी बेटी को न्याय दिलवाने लिए धन्यवाद। हत्यारे को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। यह न्याय और सत्य की जीत है। वहीं मन में सवाल भी है कि क्या इस जीत के बाद शहर की बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस कर सकती है? मैं कोटा से वादा चाहता हूं कि जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ, अब वैसा किसी बेटी के साथ नही हो।



### महिला के भेष में भागा था आरोपी

सिटी एसपी शरद चौधरी ने बताया कि आरोपी गौरव जैन बीटेक होल्डर था और एम टेक की पढ़ाई कर रहा था। 15 साल की नाबालिग गौरव जैन के पास ट्यूशन पढ़ने के लिए आई थी। गौरव ने डेढ़ महीने पहले ही हत्या की योजना बना ली थी। वारदात से एक दिन पहले आरोपी ने खुद के मुंह पर तकिया लगाकर चेक किया तो हल्की सांस आ रही थी। फिर उसने तकिए के ऊपर पॉलिथीन लगाकर अपने मुंह पर रखकर चेक किया। इसमें कंफर्म होने के बाद हत्या का तरीका फाइनल किया था। इसके बाद आरोपी गौरव ने वारदात के बाद फरार होने के लिए महिला भेष बनाया था। इसके बाद आरोपी टीचर ने मीनाक्षी नाम से टिकट बुक कराया और कोटा से हरिद्वार चला गया। आरोपी गौरव ने भागते समय खुद का मोबाइल किशोर सागर तालाब में फेंक दिया, ताकि पुलिस उस तक नहीं पहुंच सके। वह स्कूटी से रंगपुर रोड व गुड़ला स्टेशन पहुंचा, वहां से लिफ्ट लेकर नयापुरा आया। आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश में 10 हजार का इनाम घोषित किया था। वहीं विभिन्न कोचिंग व व्यापार संघों की ओर से लगभग 5 लाख की राशि दिए जाने की घोषणा की गई थी। आरोपी की तलाश में उच्चाधिकारियों सहित 150 पुलिसकर्मियों की टीम जुटी।

# रेप मामले में विधायक पुत्र की जमानत अर्जी खारिज

**बेधड़क** | अलवर

सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अलवर के राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक जौहरी लाल मीना के पुत्र दीपक मीना सहित तीन जनों की जमानत अर्जी खारिज करते हुए संबंधित अदालत में आत्म समर्पण करने के निर्देश दिए हैं। जोहरी लाल के बेटे के खिलाफ दौसा में दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट ने कई तथ्यों को आधार मानते हुए आरोपी की जमानत रद्द कर दी। आरोपी विधायक का बेटा है, जबकि पीड़िता के पिता केवल एक पुलिस कांस्टेबल हैं। इसके चलते आरोपी मुकदमे को प्रभावित कर सकता है। वह 10 महीने से फरार था। आरोपी की ओर से गवाहों को धमकाने की संभावना है। पीड़िता ने पुलिस के साथ ही अदालत के सामने भी उसका नाम लिया था। इसके चलते प्रथम दृष्टया मामला स्थापित होता है। भले ही एफआईआर दर्ज करने में एक साल की देरी हुई।

आरोपी पीड़िता को दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे। पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा 'इस मामले में अपराध जघन्य है और नारीत्व की गरिमा पर पर हमला है। इस मामले में शिथिलता से 'जहा महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं' का सिद्धांत पृष्ठभूमि में चला जाएगा। आरोपी की ओर से गवाहों को प्रभावित करने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को दो सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।

संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे विशेषज्ञ

# पाण्डुलिपियों को पूर्ण सार्थक रूप से समझकर शोध करना जरूरी

## 'अप्रकाशित पाण्डुलिपिनां परिचय: समीक्षणं च' विषय पर हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली और जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 'अप्रकाशित पाण्डुलिपीनां परिचय: समीक्षणं च' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत गुरुवार को हुई।

विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग की ओर से आयोजित इस संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राम सेवक दुबे ने पाण्डुलिपियों पर शोध करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि पाण्डुलिपियों को सार्थक रूप में समझकर शोध करना चाहिए। सार्थकता के अभाव में अर्थ का अनर्थ हो जाएगा।



संगोष्ठी में आशीर्वाद प्रदाता के रूप में हाथोज धाम के महामण्डलेश्वर बालमुकुंदाचार्य महाराज ने संस्कृत और संस्कृति की अभिवृद्धि के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी। साथ ही संस्कृत की विलुप्त होती पाण्डुलिपियों के संरक्षण तथा उन पर निरन्तर शोध करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन दिल्ली के निदेशक डा. अनिर्बान दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही डॉ. रानी दाधीच, डॉ. दिलीप कुमार राणा, प्रो. जिनेन्द्र जैन, डॉ. सत्यनारायण भारद्वाज आदि विद्वानों ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजिका डा. मधुबाला शर्मा ने किया।

समन्वयक डॉ. राजधर मिश्र ने स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दयाराम दास ने किया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. शशि कुमार शर्मा ने बताया कि इस संगोष्ठी में संपूर्ण भारत से पधारे विशिष्ट विद्वानों ने पाण्डुलिपियों का परिचय, प्रकार, आधार, पुष्पिका, केटलॉग, संपादन कला व समीक्षात्मक संपादन की प्रक्रिया इत्यादि विषयों पर विचार विमर्श होगा व व्याख्यान प्रदान किए जाएंगे।

### साहित्य अकादमी अध्यक्ष का 1 वर्ष पूर्ण

**उदयपुर।** राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण के कार्यकाल का एक वर्ष गुरुवार को पूर्ण हुआ। डॉ. सहारण ने बताया कि अकादमी ने एक वर्ष में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। अकादमी ने पांडुलिपि प्रकाशन योजना में वर्ष 2022 में 121 पुस्तकों पर 12.94 लाख रुपए का एवं वर्ष 2023 में 133 पुस्तकों पर 13.96 लाख रुपए का सहयोग स्वीकृत किया। प्रकाशित ग्रंथों पर सहयोग योजना में 2022 में 29 पुस्तकों पर 1.93 लाख रुपए का एवं वर्ष 2023 में 27 पुस्तकों पर 2.40 लाख रुपए का सहयोग स्वीकृत किया। यह सहयोग अकादमी के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक है।

## Yuva स्टोरीज



**माधुरी शास्त्री को मिला साहित्यकार सम्मान | जयपुर।** तुलसी मानस संस्थान की ओर से तुलसी जयंती एवं साहित्यकार सम्मान समारोह कार्यक्रम में माधुरी शास्त्री को साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्क्ष डॉ. इंदु शेखर तत्पुरुष ने की। मुख्य वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर पांडेय थे। तुलसी मानस संस्थान के अध्यक्ष राम लक्ष्मण गुप्त ने बताया कि माधुरी शास्त्री को यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट कृति 'यशोगाथा राम की' के लिए दिया गया है। माधुरी शास्त्री को पूर्व में भी कई सम्मान मिल चुके हैं। उन्हें ब्रजभाषा अकादमी की ओर से साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें साहित्य निधि पुरस्कार, गायत्री वैश्य सम्मान, बाल साहित्य सम्मान, द्वारका सेवा निधि सम्मान आदि से नवाजा जा चुका है। शास्त्री की कई रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने बाल साहित्य पर भी कई पुस्तकों का लेखन किया है।



**वेबिनार में सिखाईं काउंसलिंग स्किल्स | जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'काउंसलिंग स्किल्स' विषय पर गुरुवार को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में कृष फाउंडेशन की वरिष्ठ मनोविशेषज्ञ श्वेता सिंह ने कॉलेज की छात्राओं को गोपनीयता, गैर-आलोचनात्मकता, प्रसन्नता एवं ध्यान से सुनने की कला के बारे में समझाया। उन्होंने छात्राओं को कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से काउंसलिंग करने की तकनीकें सिखाईं। उन्होंने अनकंडिशनल पॉजिटिव रिगार्ड को काउंसलिंग की एक महत्वपूर्ण कला बताया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी छात्राओं को सदैव सकारात्मक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शुचि चौधरी एवं कृष फाउंडेशन के संस्थापक सौरभ लोहिया के निर्देशन में डॉ. लीना कुमारी, महिमा रामचंदानी एवं आयुषी सोरल ने किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की 90 छात्राओं ने भाग लिया।

RPSC का महत्वपूर्ण निर्णय

## प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तर देने के लिए अब मिलेंगे पांच विकल्प

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित वस्तुनिष्ठ भर्ती परीक्षाओं में अब प्रश्न-पत्र व ओएमआर शीट में 5वां विकल्प भी दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो उसे पांचवे विकल्प का चयन करना होगा। आयोग सचिव ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं से ही इसकी शुरुआत हो जाएगी।

इसमें प्रत्येक प्रश्न के 5 विकल्प दिए जाएंगे। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए पांच में से केवल एक गोले को ओएमआर शीट पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा कर भरना होगा। प्रत्येक प्रश्न के किसी एक विकल्प को भरना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहे तो पांचवें विकल्प का चयन करना होगा।

किसी भी विकल्प का चयन न करने पर प्रति प्रश्न 1/3 अंक काटे जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में यदि किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया जाता है तो उसे उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाएगा। सभी प्रश्नों में किसी एक विकल्प का चयन कर उसे भर दिया गया है यह सुनिश्चित करने के लिए 5 मिनट का अतिरिक्त समय भी अभ्यर्थियों को दिया जाएगा।

### सुरक्षित रखनी होगी ओएमआर शीट की प्रति

अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति पर पूरी ओएमआर शीट वीक्षक को सौंपनी होगी। वीक्षक इसकी मूल प्रति जमा कर कार्बन प्रति परीक्षार्थी को देंगे। इस कार्बन प्रति को परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकेगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक परीक्षार्थी को इस कार्बन प्रति को सुरक्षित रखना होगा एवं आयोग द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करना होगा।

युवा उत्सव में बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

# दुनिया की उम्मीद है भारत भारत की उम्मीद हैं युवा

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा भारत की ताकत हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को भारत से बहुत उम्मीद है और भारत को युवाओं से उम्मीद है। ठाकुर गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि दुनिया भारत के सामर्थ्य को देखती है, भारत के युवाओं के सामर्थ्य को देखती है, भारत में अपना भविष्य देखती है और भारत के युवाओं में अपना भविष्य देखती है।

युवाओं को देश का वर्तमान और भविष्य बताते हुए ठाकुर ने कहा कि देश की विकास प्रक्रिया में युवाओं को बड़ी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नवाचार होने चाहिएं, जिसमें युवाओं को हर स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले।

ठाकुर ने युवाओं को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, नेहरू युवा केंद्र संगठन के निदेशक भुवनेश जैन और राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने भी विचार रखे। प्रदेशभर से आए विजेता युवाओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।



### इन पंच प्रणों की दिलाई शपथ

- भारत को विकसित देश बनाएंगे
- अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करेंगे
- गुलामी की मानसिकता से छुटकारा पाएंगे
- एकता व एकजुटता बनाए रखेंगे
- अपने कर्तव्य का पालन करेंगे



### देश को जानने के लिए यात्राएं करें युवा

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विचार को आगे बढ़ाते हुए युवा उत्सव में भाग ले रहे युवाओं से अपने प्रदेश और देश में यात्रा करने का आह्वान करते हुए ठाकुर ने कहा कि इससे देश को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र में भी यात्रा करने की अपील की ताकि इन क्षेत्रों में जो कठिनाइयां हैं, उन्हें जानने का युवाओं को अवसर मिले। अपने संसदीय क्षेत्र का उल्लेख करते हुए ठाकुर ने कहा कि वे अपने संसदीय क्षेत्र से कुछ युवा चुनते हैं और उन्हें 6 दिन की यात्रा कराते हैं जो उनके व्यक्तित्व विकास में बड़ी भूमिका निभाती है।

## दिल की सुनो, लगातार आगे बढ़ते रहो

**जयपुर।** "अब डॉक्टर और इंजीनियर के स्थान पर स्टार्ट अप फाउंडर रोल मॉडल बन रहे हैं। समय बदल रहा है, दिल की सुनिए और आगे बढ़ जाइए, कहीं पूरी जिंदगी रिग्रेट ना करना पड़े।" राजस्थान सरकार के



डिपार्टमेंट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं प्लीवर्स की ओर से आई स्टार्ट स्कूल एंड रूरल एक्सलरेशन प्रोग्राम के अंतर्गत तीन दिवसीय स्टार्टअप एक्सलरेशन प्रोग्राम के पहले दिन आयोजित टॉक शो में शॉर्क टैंक इंडिया फेम नमिता थापर ने ये बात कही। इस दौरान प्रदेशभर से चयनित 15 स्टार्टअप्स ने प्रेजेन्टेशन दी। थापर ने इन स्टार्टअप्स को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम संयोजक प्लीवर्स के परेश गुप्ता ने कार्यक्रम को होस्ट करते हुए स्टार्टअप से जुड़े हुए मुद्दों पर सवाल जवाब किए।



## बच्चों की अनूठी कला से खूब मुस्कुराए 'पंचतत्व'

बेधड़क | जयपुर

ओरियन ग्रीन्स और कला संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित प्रदेश स्तरीय पर्यावरण कला उत्सव 'पंचतत्व' के दूसरे दिन बच्चों की प्रतिभा के रंग जमकर बिखरे। रवींद्र मंच पर आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले प्रेम मंदिर शिक्षण संस्थान के बाल कलाकारों ने पर्यावरण संरक्षण और ऋतुओं पर नृत्य संरचना की प्रस्तुति दी। दूसरे दिन की मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षाविद रंजू रहीं। उन्होंने पंचतत्व कला उत्सव के दौरान सभी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ओरियन ग्रीन्स संस्था के सलाहकार आनंद अग्निहोत्री और बिंदु सालुजा ने कला संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार, दर्शकों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### किया पेड़ बचाने का 'संकल्प'

कला संस्कृति ग्रुप टीपीएस अंबाबाड़ी के 38 बच्चों ने संगीत नृत्य और नाटक 'संकल्प' की प्रस्तुति देकर अपने अद्भुत टैलेंट का प्रदर्शन किया। कॉस्ट्यूम ड्रामा, मनमोहक प्रकाश सज्जा, बेहतर नृत्य, मुखौटे, संगीत, गायन, वादन और नाटक के कोलाज से सजी संकल्प प्रस्तुति में कला की संपूर्णता नजर आ रही थी, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गए। इस नृत्य नाटिका में 70 के दशक के जीवन को दिखाया गया था। प्रस्तुति में वेदान्त शर्मा, सौम्या, खुशी, परी, वंशिका गुप्ता आदि बच्चे शामिल थे। नृत्य निर्देशन अमरीक सिंह का व संगीत महमूद व आमिर का रहा। प्रकाश व्यवस्था कनक शेखावत की व दिग्दर्शन हेमलता गुलाटी का रहा। प्रस्तुति के क्रिएटिव डायरेक्टर आशीष मिश्रा थे। इस प्रस्तुति से बच्चों ने संदेश दिया कि पर्यावरण सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन आजकल पेड़ों को हम इंसान अपनी सुविधा के लिए काट रहे हैं और इस तरह से हम अपना ही विनाश कर रहे हैं। हमें पेड़ लगाने चाहिएं और इन्हें काटने से रोकना चाहिए।

### चांद छूने की खुशी




मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी के बच्चों ने चंद्रयान लेंडिंग की खुशी में छात्र श्रृंखला बनाकर 'चंद्रयान' को साकार किया। बच्चों ने देश के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए इस अवसर को जोश के साथ सेलिब्रेट किया।

गुड-न्यूज — लिंक्डइन की रिपोर्ट में सामने आए आंकड़े

# हमारी AI लर्निंग ग्रोथ शानदार, भारत शीर्ष पांच देशों में

बेधड़क | जयपुर

दुनियाभर में हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के हो हल्ले के बीच भारत के युवा प्रोफेशनल्स ने एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। भारत के एआई स्किल्ड युवाओं की संख्या वर्ष 2016 से 2023 तक सात वर्ष में 14 गुणा बढ़ गई है। यह आंकड़ा प्रमुख प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में सामने आया है। लिंक्डइन की पहली वैश्विक 'कार्य का भविष्य: कार्य की स्थिति @ एआई' रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2016 की तुलना में जून 2023 में भारत में एआई-कुशल सदस्यों की संख्या 14 गुना बढ़ गई। इस बढ़ोतरी के साथ भारत एआई स्किल्ड प्रोफेशनल्स में बढ़ोतरी के मामले में विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत से बेहतर एआई स्किल्ड प्रोफेशनल्स में बढ़ोतरी सिर्फ सिंगापुर, फिनलैंड, आयरलैंड और कनाडा में है। लिंक्डइन का एआई स्किल सूचकांक बताता है कि जनवरी 2016 के स्तर की तुलना में उनके प्रोफाइल पर कम से कम दो एआई कौशल वाले सदस्यों की हिस्सेदारी कितनी बढ़ गई है।




### ऑफिसर्स की पसंद हैं AI स्किल्ड प्रोफेशनल


रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी के शीर्ष अधिकारी भारत में एआई स्किल्ड प्रोफेशनल्स को नियुक्ति में प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग 57 प्रतिशत अधिकारी अगले साल अपने संगठनों में एआई का उपयोग बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। लिंक्डइन के इंडिया कंट्री मैनेजर आशुतोष गुप्ता का कहना है कि एआई काम के भविष्य को आकार देता है। भारत मानव क्षमता के महत्व और भविष्य में विश्व स्तरीय कार्यबल बनाने के लिए सॉफ्ट स्किल्स की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। भारत के शीर्ष अधिकारी इस युग में पारस्परिक कौशल की क्षमता का समर्थन कर रहे हैं। गुप्ता का कहना है कि 'स्किल फर्स्ट' बाजार बनाने के लिए लिंक्डइन एक संस्था के साथ मिलकर तीन करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है।

### डिजिटल स्किल्स का चार्म परवान पर

लिंक्डइन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष के दौरान कार्यस्थलों में एआई के उपयोग में वृद्धि हुई है। भारत में सभी प्रोफेशनल्स में से 60 प्रतिशत और जेन जेड प्रोफेशनल्स में से 71 प्रतिशत यह मानते हैं कि एआई स्किल्ड होने से बेहतर कॅरियर की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा हर तीन में से दो भारतीयों का कहना है कि वे 2023 में कम से कम एक डिजिटल कौशल सीखेंगे। एआई और मशीन लर्निंग उन शीर्ष कौशलों में से हैं जिन्हें वे सीखना चाहते हैं।

## चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने रचा इतिहास

# ऐ चांद...! हमें उनमें तुम्हीं भाए बहुत



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार



“ विज्ञान और वैज्ञानिकों की तपस्या की बदौलत ही हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर ‘विक्रम’ और रोवर ‘प्रज्ञान’ से लैस एलएम की सॉफ्ट लैंडिंग को संभव बना पाए। यहां जिगर मुरादाबादी जी का एक शेर याद आ रहा है जिन्होंने खूबसूरत शब्दों में यह लिखा है कि- ‘हम को मिटा सके ये जमाने में दम नहीं। हम से जमाना खुद है जमाने से हम नहीं।’ हाल फिलहाल, चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाएं! हम आज गौरवान्वित हैं कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में हम सिरमौर देशों की श्रेणी में शुमार हैं। भारत की यह सफलता अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार तो खोलेगी ही, इसके साथ ही मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। ”

अकबर इलाहाबादी जी ने बड़े ही खूबसूरत शब्दों में बयां किया है- ‘लोग कहते हैं बदलता है ज़माना सब को। मर्द वो हैं जो ज़माने को बदल देते हैं।’ भारत ने अंतरिक्ष में इतिहास रच जमाने को बदल दिया है, तिरंगा चांद की धरती पर, चांद पर लहरा दिया है। सच तो यह है कि चंद्रयान-3 मिशन ने इतिहास रचते हुए भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में सिरमौर देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया और अब भारत की नजरें चांद के बाद सूरज की ओर हैं। इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता है कि अब भारत आने वाले समय में अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी अधिक सफलताएं हासिल करेगा। सच तो यह है कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब भारत के लिए अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए द्वार खुल गए हैं और भारत ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि यूं ही भारत विश्व गुरु नहीं कहलाता है। ऋषि मुनियों, साधु-संतों का यह देश, सोने की चिड़िया कहलाने वाला यह देश आज किसी भी क्षेत्र में दुनिया के किसी भी देश से कमतर नहीं है। आज भारत लगभग सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनता चला जा रहा है।

अंतरिक्ष में तो भारत ने नई ताबीर लिख ही दी है और बरसों पहले मोहम्मद रफी साहब का गाया यह गीत आज साकार हो चला है कि- ‘री ढैय्या री ढैय्या री ढैय्या, देखो रे देखो लोग अजूबा, ये बीसवीं सदी का, देखो रे देखो लोग अजूबा, ये बीसवीं सदी का, आसमान के चांद तो छूने, निकला चांद जमीन का, रे लोगो ये चंदा रूस का, न ये जापान का, न ये अमरीकन प्यारे, ये तो है हिंदुस्तान का...।’

यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के समस्त वैज्ञानिकों की प्रतिभा, कड़ी मेहनत और समर्पण ही रहा कि हम चांद की सतह को फतेह कर पाए। विज्ञान और वैज्ञानिकों की तपस्या की बदौलत ही हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर ‘विक्रम’ और रोवर ‘प्रज्ञान’ से लैस एलएम की सॉफ्ट लैंडिंग को संभव बना पाए। यहां जिगर मुरादाबादी जी का एक शेर याद आ रहा है जिन्होंने खूबसूरत शब्दों में यह लिखा है कि- ‘हम को मिटा सके ये जमाने में दम नहीं। हम से जमाना खुद है जमाने से हम नहीं।’ हाल फिलहाल, चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाएं ! हम आज गौरवान्वित हैं कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में हम सिरमौर देशों की श्रेणी में शुमार हैं। भारत की यह सफलता अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार तो खोलेगी ही, इसके साथ ही मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

*न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्जियन, द वाशिंगटन पोस्ट और बीबीसी उन विदेशी मीडिया में शामिल हैं, जिन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव (साउथ पोल) के पास चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग की सराहना की है। बहरहाल, चंद्रयान-3 मिशन की यह सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि अब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। जहां अत्यंत साधन संपन्न देशों की एजेंसियां नहीं पहुंच पाईं, वहां इसरो पहुंच गया है।*

बुधवार शाम यानी कि 23 अगस्त 2023 को जब सॉफ्ट लैंडिंग होने वाली थी, इसरो के यूट्यूब चैनल पर 42 लाख से ज्यादा लोग इसे लाइव देख रहे थे। इसरो ने लैंडिंग का लाइव प्रसारण किया, स्कूली बच्चों, समस्त देशवासियों ने इसे लाइव देखा, एक अलग ही नजारा, अलग ही माहौल भारत में नजर आया। सबको चंद्रयान-3 मिशन की लैंडिंग को लेकर बहुत उत्सुकता व जोश था। विभिन्न चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए करोड़ों लोग इस क्षण के साक्षी बने। इसरो ने हमारा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया।

पहले इसरो को भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) के नाम से जाना जाता था, जिसे डॉ. विक्रम ए. साराभाई की दूरदर्शिता पर 1962 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इसरो का गठन 15 अगस्त, 1969 को किया गया था। इसरो का मुख्यालय बेंगलूरु में स्थित है। भारत का पहला उपग्रह, आर्यभट्ट, 19 अप्रैल 1975 को सोवियत संघ के रॉकेट की सहायता अंतरिक्ष में छोड़ा गया था। इसका नाम महान गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर रखा गया था।

जानकारी मिलती है कि इसने 5 दिन बाद काम करना बन्द कर दिया था। लेकिन यह अपने आप में भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में लेकिन कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार अथक प्रयास, मेहनत और दृढ़ता से अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम किया और आज नतीजा संपूर्ण विश्व के सामने है। आज इसरो अनेकानेक देशों के उपग्रहों को बहुत कम खर्च में अंतरिक्ष में प्रक्षेपित कर रहा है। यह हम सभी को गौरवान्वित महसूस कराता है कि अल्प संसाधनों के साथ शुरुआत करते हुए, कई संघर्षों का सामना करते हुए इन वैज्ञानिकों ने जो मेहनत की है, वह किसी तपस्या से कम नहीं है।

हम चांद पर जीवन की संभावनाएं तलाश रहे हैं और सफल हुए हैं। भारत ही नहीं विदेशों ने भी भारतीय अंतरिक्ष मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की है। आज दुनिया की सभी अंतरिक्ष एजेंसियां भारत को इस सफलता के लिए लगातार बधाई दे रही हैं और वहां के मीडिया में भी चंद्रयान-3 की सफलता छाई हुई है। सऊदी अरब, पाकिस्तान, ब्रिटेन, अमेरिका समेत सभी देशों की मीडिया में भारत की ऐतिहासिक सफलता को लेकर खबरें चल रही हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्जियन, द वाशिंगटन पोस्ट और बीबीसी उन विदेशी मीडिया में शामिल हैं, जिन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव (साउथ पोल) के पास चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग की सराहना की है। बहरहाल, चंद्रयान-3 मिशन की यह सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि अब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। जहां अत्यंत साधन संपन्न देशों की एजेंसियां नहीं पहुंच पाईं, वहां इसरो पहुंच गया है। द गार्जियन ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, भारत के स्पेस पावर के रूप में उभरने का प्रतीक है।

सीएनएन ने कहा कि चंद्रयान-3 की साउथ पोल पर सफलतापूर्वक लैंडिंग इतिहास में किसी भी अन्य अंतरिक्ष यान की तुलना में अलग है। बीबीसी ने लिखा है कि भारत ने इतिहास रच दिया है। इसरो का चंद्रमा मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने वाला पहला मिशन बन गया है। सच तो यह है कि भारत के चंद्रयान तीन मिशन की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। इससे हमारे देश की छवि और मजबूत हुई है। हाल फिलहाल यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि भारत ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी ताकत बनकर उभरा है। निश्चित ही अब भारतीय विज्ञान और नई तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नवीन अवसर पैदा होंगे, और विदेशी निवेश आएगा। रिसर्च के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं पैदा होंगी। सच तो यह है कि इसरो की अनूठी सफलता से मानवता के कल्याण के नए आयाम स्थापित होंगे। यह सफलता हमारे देश के युवाओं में विज्ञान के प्रति नई सोच और रुचि पैदा करेगी। निस्संदेह वह दिन भी जल्द ही आएगा, जब भारत अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों में जाकर नए-नए रहस्यों का पता लगाएगा और आने वाले समय में पृथ्वी की तरह चांद पर भी पर्यटन संभव हो सकेगा। चांद के सफर के साथ भविष्य में एक नवीन अनुभवों का आनंद और लुत्फ समस्त मानवजाति उठा सकेंगी। अंत में मीर तक़ी मीर जी शब्दों में चांद के बारे में बस यही कहूंगा कि- ‘फूल गुल शम्स ओ कमर सारे ही थे, पर हमें उन में तुम्हीं भाए बहुत।’

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

## नॉलेज कॉर्नर: प्रतिदिन 375 किलोमीटर का सफर करती है तय

# विश्व का सबसे छोटा मेट्रो स्टेशन ‘आश्रम’

देश में लगातार आबादी बढ़ रही है, वर्तमान में भारत की कुल आबादी लगभग 140 करोड़ है। ऐसे में लोगों के लिए आवाजाही के लिए पर्याप्त यातायात के साधनों का होना आवश्यक है। इस श्रेणी में ट्रेन, कार, बस, मोटरसाइकिल, साइकिल शामिल हैं। जितनी अधिक आबादी देश में बढ़ती जाएगी, लोगों के लिए उसी हिसाब से संसाधनों का इंतजाम किया जाएगा। ठीक उस तरह जैसे दिल्ली में एक अतिरिक्त मेट्रो स्टेशन बढ़ाया गया, जिसका नाम आश्रम मेट्रो स्टेशन है। इस स्टेशन की खास बात यह है कि यह दुनिया का सबसे छोटा मेट्रो स्टेशन है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं दिल्ली मेट्रो के इस स्टेशन के बारे में...

### कब चली पहली मेट्रो

दिल्ली में मेट्रो की शुरुआत 25 दिसंबर 2002 में हुई थी। पहली मेट्रो शाहदरा से तीस हजारी लाइन पर चलाई गई थी। यह राजधानी का कुल 375 किलोमीटर का क्षेत्र कवर करती है। वर्तमान में इसकी सेवाएं सुबह 5:30 से रात 11:30 तक रहती है। मेट्रो में सफर करने के लिए यात्री को सबसे पहले टोकन लेना पड़ता है। इसे आसान बनाने के लिए पेपर कोड का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा नियमित तौर पर यात्रा करने वाले लोग कार्ड भी बनवा सकते हैं, यह हूबहू एटीएम कार्ड जैसा होता है। इसमें सफर करने के लिए यात्रियों को कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक है, जैसे- मादक पदार्थों व आगजनी के सामान ले जाने की अनुमति नहीं है। यात्री अपने साथ 25 किलो तक ही वजन ले जा सकते हैं। यह दिल्ली सहित एनसीआर के स्टेशन भी कवर करती है। प्रत्येक स्टेशन पर इसका ठहराव 30 से 35 सेकंड का होता है।




### सबसे छोटा स्टेशन

औसतन मेट्रो स्टेशन की लंबाई 265 मीटर होती है, लेकिन महज 151 मीटर लंबाई के साथ यह दुनिया का सबसे छोटा मेट्रो स्टेशन है। इतनी कम लंबाई का स्टेशन होने के साथ दिल्ली मेट्रो में एक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। दरअसल जमीन विवाद के कारण इसकी लंबाई कम रखी गई। यह मेट्रो की पिंक लाइन कॉरिडोर पर स्थित है, जो कि मजलिस पार्क से शिव विहार तक है। यह भूमिगत स्टेशन है, जिसके दो प्लेटफॉर्म हैं। दिल्ली मेट्रो कुल 12 लाइन में विभाजित है, जिनका नाम इंद्रधनुष के रंगों पर रखा गया है।

**दिल्ली में कुल 271 स्टेशन**

*दिल्ली मेट्रो के कॉरिडोर में कुल 271 स्टेशन शामिल हैं, जिसका ऑपरेशनल नेटवर्क करीब 375 किलोमीटर का है। दिल्ली मेट्रो का विस्तार नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुड़गांव तक है। यह भारत की सबसे व्यस्ततम मेट्रो है। यह दुनिया की 9वीं सबसे लंबी मेट्रो प्रणाली है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की स्थापना 3 मई 1995 को हुई।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

---

## व्यंग्य

# सिंगर शो में अनचाहे जज!



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

हमारे यहां बिन बुलाए मेहमान और बे-मौसम बरसात का चलन बहुत पुराना है। हाल ही में गपड़चौथ टीवी पर चल रहे फिल्मी गीतों के एक सिंगर शो में भी ऐसा ही हुआ। शो के असली जज साहेबान इसी बे-मौसम की मूसलाधार बरसात की वजह से स्टूडियो तक नहीं पहुंच पाए। मुसीबत यह थी कि आज शो का सीधा प्रसारण तय किया हुआ था। आगे की पंक्ति में अपनी मुंडी दिखाने की होड़ में, स्टूडियो में बैठे दर्शक तीन घंटे पहले ही पहुंच गए थे।

आयोजकों को लगा कि कहीं प्रायोजक नाराज न हो जाएं; यही सोचकर दर्शकदीर्घा से तीन तथाकथित संगीत प्रेमी अनचाहे जजों का चयन किया गया। ये तीन जज थे- बिल्डर भरोसीलाल, थानेदार हुकुम सिंह और साहित्य आलोचक निर्विकार ‘अकेला’! सबसे पहले सुकुमार बेढब ने कांपती आवाज में तान छेड़ी। फिल्म ‘अनजाना’ का गीत अलापा, ‘रिमझिम के गीत सावन गाए, हाए! भीगी भीगी रातों में।’ यह गीत सुनकर बाहर बारिश और भी घनघोर हो गई; मानो असमान फूट-फूट कर रो रहा हो! गाना खत्म हुआ। पहले जज, बिल्डर भरोसीलाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ‘सुक्कू, तुमने बहुत अच्छा गाया. गीत के अंतरों में कुछ जगह तो बेहतरीन लीं। जमीनों के असमान छूते भावों ने गीत को वाकई ‘भावपूर्ण’ बना दिया। बाजार में इन जगहों के तगड़े मूल्य मिलेंगे। हां गीत के आखिर में तुम नई जगह लेते हुए पड़ोसी के प्लाट में घुस गए। अतिक्रमण हो गया।

ध्यान रखो नगर निगम का दस्ता परेशान करेगा। मैनेज कर लेना।’ अब दूसरे गायक हरिओम शास्त्री ने राग मालकौंस पर आधारित फिल्म ‘बैजू बावरा’ का गीत, ‘हरिॐ.... मन तड़पत हरि दर्शन को आज, मोरे तुम बिन बिगड़े सगरे काज।’ पेश किया। दूसरे जज, थानेदार हुकुम सिंह बोले, ‘वाकई तुमने गाने में सही हरकतें लीं हैं। आजकल लोग गलत हरकतें करने से जरा भी नहीं डरते। हमेशा अच्छी हरकतें लेते रहोगे तो कोर्ट-कचहरी के चक्करों से बचे रहोगे। तुम हरिओम सर की अच्छे से ‘पूजा’ करो, सारे बिगड़े काम सुधर जाएंगे।’


तीसरे गायक पप्पी सिंह ने फिल्म ‘यादों की बारात ’ का एक लोकप्रिय गीत गाया।’ चुरा लिया है तुमने जो दिल को/ नजर नहीं चुराना सनम / बदल के मेरी तुम जिंदगानी, कहीं बदल न जाना सनम।’ वैसे पप्पी ने इस गीत में इतिहास बदलने वालों से प्रेरित होते हुए, सुर की परिभाषा बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब आलोचक बने जज निर्विकार ‘अकेला’ ने प्रतिक्रिया दी,’ दिल की छोड़ो, आजकल साहित्य में भी बड़ी चोरियां हो रहीं हैं। संगीत में भी धुनें चोरी होने लगीं। लॉ एण्ड आर्डर की जगह इन दिनों ‘ला नहीं तो मर्डर’, की खबरें खूब आ रहीं हैं।

बेटा, अब दिल चुराने के दिन लद चुके हैं, अब तो दिल, डाका डालकर लूटा जा रहा है। फिर दिल के टुकड़े-टुकड़े कर के मुस्कराकर चल देते हैं! ...वैसे तुम्हारे सुर गैर छंद की कविता की तरह से बिखरे हुए लगे, उच्चारण भी थोड़ा खराब है, गीत में ढील बहुत थी, फील कुछ कम थी। एक-दो जगह बेताल (बे-ताले) भी हुए। वैसे तुमने बहुत अच्छा गया। शाबाश।’ बाहर, अचानक बारिश रुकी तो तीनों असली जजों ने स्टूडियो में प्रवेश किया। लगा जैसे चुनाव में नामांकन भरने का समय बीत जाने के बाद, नेता लोग निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में पहुंचे हों!

---



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के लिए दक्षिण अफ्रीका में हमारे प्रवासी भारतीयों का उत्साह वास्तव में प्रसन्नतादायक है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
छात्राओं की उच्च शिक्षा हेतु बेटी की मांग का संज्ञान लेते हुए तत्काल ही उदयपुर के शासकीय मीरा महिला कालेज को PG बना दिया गया है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब हमारे पास विचार प्रक्रिया का अनावश्यक स्तर होता है तो शरीर और दिमाग का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की हमारी क्षमता बहुत कम हो जाती है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
जिस प्रकार ध्येय के बिना कर्म व्यर्थ है, उसी तरह प्रसन्नता के बिना जीवन व्यर्थ है, इसलिए सदैव प्रसन्न रहिए



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
केवल अपने लिए बदलें, दुनिया के लिए नहीं।

**मध्य प्रदेश:** राज्य मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारी, तीन-चार नए सदस्यों को मिल सकती है जगह

# जातीय समीकरण साधने की कोशिश, OBC व ब्राह्मण नेताओं पर नजर

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जल्द ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किए जाने की उम्मीद है। सत्तारूढ़ भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने गुरुवार को यह बात कही।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में प्रस्तावित हैं। भाजपा नेता ने कहा कि चौहान मंत्रिमंडल में तीन-चार नए सदस्यों को शामिल किए जाने की संभावना है। चौहान का वर्तमान कार्यकाल मार्च 2020 में शुरू हुआ था। पार्टी के आंतरिक सूत्रों ने कहा कि राज्य में सत्ता



विरोधी लहर को मात देने, जातिगत समीकरणों को संतुलित करने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व की सिफारिश पर मंत्रिमंडल में विस्तार किया जा रहा है। दूसरी ओर राजभवन के एक अधिकारी ने गुरुवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि राज्य सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह के संबंध में अभी तक कोई सूचना नहीं भेजी है।

### राजेंद्र शुक्ल और बिसेन के नाम तय

भाजपा नेता ने बताया कि पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल और गौरीशंकर बिसेन के नाम लगभग तय हैं। शुक्ल विंध्य क्षेत्र के रीवा से विधायक हैं और ब्राह्मण समाज के नेता हैं। बिसेन महाकौशल क्षेत्र के बालाघाट से विधायक एवं मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हैं।इस बीच, शुक्ला और बिसेन भोपाल पहुंच गए हैं। संपर्क करने पर, शुक्ला ने संभावित कैबिनेट विस्तार पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### लोधी व जालिम सिंह के नामों पर विचार

भाजपा नेता ने बताया कि राहुल सिंह लोधी और मप्र के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल को शामिल करने पर चौहान और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच विचार-विमर्श चल रहा है। दोनों अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं। मप्र की आबादी का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा ओबीसी श्रेणी में आता है। बुंदेलखंड क्षेत्र में टीकमगढ़ जिले के खरगापुर से पहली बार विधायक बने लोधी भाजपा की नेता व पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे हैं। जबकि महाकौशल क्षेत्र के नरसिंहपुर से विधायक जालम सिंह केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के छोटे भाई हैं।

### राज्य मंत्रिमंडल में हैं चार पद खाली

वर्तमान में, राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 31 सदस्य हैं। संवैधानिक मानदंडों के अनुसार, यह संख्या 35 तक जा सकती है, जो कि 230 सदस्यों वाली मप्र विधानसभा का 15 प्रतिशत है। मंत्रिपरिषद का आखिरी बार विस्तार जनवरी 2021 में हुआ था।

### एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष समेत 40 लोग हिरासत में लिए

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए उग्र विरोध प्रदर्शन कर रहे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष आशुतोष चौकसे समेत करीब 40 कार्यकर्ताओं को गुरुवार को हिरासत में लिया गया। शहर के आरएनटी मार्ग पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने हिरासत में लिए जाने से पहले इन कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने उनपर पानी की तेज बौछार की और हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस उग्र विरोध प्रदर्शन के दौरान करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया। एनएसयूआई की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद पुलिस ने कांग्रेस की विद्यार्थी शाखा के कार्यकर्ताओं पर बर्बरता से लाठियां बरसाईं जिससे स्वयं उन्हें और कुछ अन्य प्रदर्शनकारियों को चोटें आईं।

## अय्यर की टिप्पणी नरसिंह राव का अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव को अपमानित किया। अय्यर ने एक दिन पहले ही आरोप लगाया था कि नरसिंह राव 'सांप्रदायिक' थे और देश में भाजपा के पहले प्रधानमंत्री थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अय्यर की आत्मकथा 'मेमोयर्स ऑफ अ मैवरिक-द फर्स्ट फिफ्टी ईयर्स (1941-1991)' सोमवार को बाजार में आई। उन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की वकालत भी की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने अय्यर को नेहरू-गांधी परिवार का प्रवक्ता करार दिया और आरोप लगाया कि उन्होंने जो किताब लिखी है और राव के बारे में तथा अन्य विषयों पर जो बयान दिए हैं, वे कांग्रेस और 'घमंडिया' गठबंधन की सोच तथा उद्देश्यों को दर्शाते हैं।

## स्मृति ईरानी ने अमेठी के कई गांवों में चौपाल लगाई



**अमेठी।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के अमेठी के भावलपुर, बहादुरपुर और गोसाईगंज में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इन समस्याओं का जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। ईरानी के सामने रखी गईं ज्यादातर समस्याएं सड़क, चिकित्सा और राजस्व से संबंधित थीं। केन्द्रीय मंत्री धौराहरा के भाजपा बूथ अध्यक्ष दिनेश सिंह के घर गईं और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पिछले दिनों सिंह की लाठी डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी।

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा...**

# अनुच्छेद 370 को रद्द करने में कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के समर्थन में अपनी दलीलें शुरू करते हुए केंद्र के शीर्ष विधि अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान को रद्द करने में कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं हुई।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उनकी दलीलों पर गौर करते हुए कहा कि उन्हें निरस्त करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को उचित ठहराना होगा क्योंकि अदालत ऐसी स्थिति नहीं बना सकती है,जहां अंत साधन को उचित ठहराता है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने वाले याचिकाकर्ता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि इस प्रावधान को निरस्त नहीं किया जा सकता था, क्योंकि जम्मू कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल, जिसकी सहमति इस तरह का कदम उठाने से पहले आवश्यक थी, 1957 में पूर्ववर्ती राज्य का संविधान का मसौदा तैयार करने के बाद समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा है कि संविधान सभा के लोप हो जाने से अनुच्छेद 370 को स्थायी दर्जा मिल गया। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जब यह कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना आवश्यक था और अपनाई गई प्रक्रिया में कोई खामियां नहीं हैं, तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां अंत साधन को उचित ठहराता हो। साधन को साध्य के अनुरूप होना चाहिए। केंद्र की ओर से बहस शुरू करने वाले वेंकटरमणी ने कहा, प्रावधान को निरस्त करने में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया। कोई गलत काम नहीं हुआ और कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं हुई, जैसा कि दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है। यह कदम उठाया जाना आवश्यक था। उनका तर्क त्रुटिपूर्ण और समझ से परे है। पीठ में न्यायाधीश संजय किशन कौल, न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश सूर्यकांत भी शामिल हैं।



### सीजेआई ने दस्तावेज पेश करने को कहा

प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र से गृह मंत्रालय के पास मौजूद मूल कागजात के अलावा उन 562 रियासतों में से राज्यों की एक सूची प्रस्तुत करने को कहा, जिनका भारत में विलय समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना हुआ था। मामले पर अब 28 अगस्त को सुनवाई फिर शुरू होगी।

### सीजेआई ने पूछा-संविधान सभा को विधानसभा शब्द से कैसे बदल दिया

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि आखिरकार उन्हें यह बताना होगा कि अनुच्छेद 370 के खंड 2 में मौजूद 'संविधान सभा' शब्द को पांच अगस्त 2019 को 'विधानसभा' शब्द से कैसे बदल दिया गया, जिस दिन अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म किया गया। प्रधान न्यायाधीश ने मेहता से कहा, आपको यह तर्क देना होगा कि यह एक संविधान सभा नहीं बल्कि अपने मूल रूप में एक विधानसभा थी। आपको यह जवाब देना होगा कि यह अनुच्छेद 370 के खंड 2 के साथ कैसे मेल खाएगा जो विशेष रूप से कहता है कि संविधान सभा का गठन संविधान बनाने के उद्देश्य से किया गया था। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वह अदालत को संतोषजनक जवाब देने का प्रयास करेंगे और अपनाई गई प्रक्रिया के बारे में बताएंगे कि यह कैसे संवैधानिक रूप से स्वीकार्य है।

### यह कहा सॉलिसिटर जनरल मेहता ने

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, मैं दिखाऊंगा कि अनुच्छेद 370 वर्ष 2019 तक कैसे काम करता था। कुछ चीजें वास्तव में चौंकाने वाली हैं और मैं चाहता हूं कि अदालत इसके बारे में जाने। क्योंकि व्यावहारिक रूप से दो संवैधानिक अंग-राज्य सरकार और राष्ट्रपति-एक-दूसरे के परामर्श से संविधान के किसी भी भाग में, जैसे चाहें संशोधन कर सकते हैं और उसे जम्मू-कश्मीर पर लागू कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, मेहता ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 1954 में अनुच्छेद 370(1)(बी) के तहत संविधान आदेश के माध्यम से जम्मू और कश्मीर पर लागू किया गया था। 'इसके बाद 1976 में 42वां संशोधन हुआ और भारतीय संविधान में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए, लेकिन पांच अगस्त, 2019 तक इसे (जम्मू कश्मीर पर) लागू नहीं किया गया।

**तेलंगाना हाई कोर्ट की कार्रवाई**

## सीईसी पर एफआईआर का निर्देश देने वाला सत्र न्यायाधीश निलंबित

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना हाई कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और कई अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पुलिस को 'निर्देश' देने के संबंध में एक विशेष सत्र न्यायाधीश को निलंबित करते हुए कहा कि न्यायाधीश ने 'अनुचित जल्दबाजी' दिखाते हुए यह निर्देश दिया था।

हैदराबाद के आधिकारिक सूत्रों और दिल्ली में घटनाक्रम से अवगत लोगों ने बताया कि चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उच्च न्यायालय में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद सांसदों/विधायकों की सुनवाई के लिए विशेष सत्र अदालत के न्यायाधीश के. जय कुमार के खिलाफ प्रशासनिक स्तर पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 200 के तहत दायर राघवेंद्र राजू की निजी शिकायत के आधार पर न्यायाधीश ने प्रारंभिक जांच और शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किए बिना 'अनुचित जल्दबाजी' दिखाते हुए काम किया। सूत्रों ने प्रशासनिक पक्ष पर उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय प्रक्रिया का पालन में अधिकारी की ओर से गंभीर चूक हुई है।



### 11 अगस्त को दर्ज हुई थी एफआईआर

तेलंगाना के उत्पाद शुल्क मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़, मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार और कई अन्य अधिकारियों के खिलाफ 11 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सत्र अदालत ने 2018 राज्य विधानसभा चुनाव में गौड़ के हलफनामे में कथित 'छेड़छाड़' को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। एक निजी शिकायत के आधार पर सत्र अदालत ने यह मामला पुलिस को भेजा था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि महबूबनगर से विधायक गौड़ ने तथ्यों को छिपाकर चुनावी हलफनामे के साथ छेड़छाड़ की है।

**न्याय तंत्र संबंधी विधेयकों पर गृह सचिव ने प्रस्तुति दी**

## विधेयकों के हिंदी नामों पर द्रमुक समेत विपक्षी सदस्यों ने जताई असहमति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद की एक समिति ने भारतीय न्याय प्रणाली पर दूरगामी प्रभाव डालने वाले तीन विधेयकों...न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 पर विचार करने के लिए गुरुवार को विचार विमर्श शुरू किया और प्रस्तावित कानून के विभिन्न आयामों को लेकर गृह सचिव अजय भल्ला ने स्तृत प्रस्तुति दी।

सूत्रों ने बताया कि द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने बैठक के दौरान विधेयकों के हिन्दी नामों पर अपनी असहमति जताई और सुझाव दिया



कि समिति को विभिन्न राज्यों के बार काउंसिल के सदस्यों के साथ विचार विमर्श करना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि द्रमुक सांसद ने कहा कि समिति को राज्यों का दौरा करना चाहिए ताकि विभिन्न पक्षकारों के विचार सुन सके। इसका तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन जैसे कुछ विपक्षी सदस्यों ने समर्थन किया।

### 25 व 26 अगस्त को भी होगी प्रस्तुति

केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इन तीन विधेयकों पर संसद की गृह मामलों संबंधी स्थायी समिति के सामने प्रस्तुति दी। वे 25 अगस्त और 26 अगस्त को भी इस विषय पर प्रस्तुति देंगे। राज्यसभा सचिवालय के नोटिस के मुताबिक, इन विधेयकों पर गृह मामलों संबंधी संसद की स्थाई समिति की बैठक 24 अगस्त, 25 अगस्त और 26 अगस्त को निर्धारित है।

## तेलंगाना: BRS नेता महेंद्र रेड्डी बने मंत्री

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के नेता और विधान परिषद के सदस्य पटनाम महेंद्र रेड्डी को गुरुवार को मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव नीत राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। राज्यपाल टी सौंदरराजन ने राज भवन में महेंद्र रेड्डी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी और कई अन्य नेता भी मौजूद थे। महेंद्र रेड्डी को मंत्रिमंडल में जगह देने के राव के फैसले को आगामी विधानसभा चुनावों में टिकटों की घोषणा किए जाने के बाद नाराजगी दूर करने के कदम के रूप में देखा जा रहा है।

**लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के 10 सितंबर हैं चुनाव**

## राहुल गांधी ने किया युवाओं से संवाद

**एजेंसी** | करगिल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अपने सप्ताह भर के दौरे के अंतिम चरण में गुरुवार शाम को करगिल शहर पहुंचे और उन्होंने युवाओं के एक समूह के साथ संवाद किया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक असगर अली करबलाई ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष शुक्रवार को दिल्ली लौटने से पहले करगिल में एक जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। तीस सदस्यीय लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद करगिल की 26 सीटों के लिए चुनाव 10 सितंबर को होने हैं और वोटों की गिनती चार दिन बाद होगी। करगिल के



जांस्कर तहसील के पदम में रात भर रुकने के बाद, 53 वर्षीय राहुल गांधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुरुवार दोपहर करगिल शहर पहुंचे। भीड़ ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा भारत जोड़ो एवं कांग्रेस नेता की प्रशंसा में नारे लगाए। करबलाई ने बताया कि बाद में राहुल गांधी ने स्थानीय कांग्रेस इकाई द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत की। इस मौके पर 1,000 से अधिक युवा मौजूद रहे और उन्होंने बेरोजगारी सहित अन्य समस्याओं का जिक्र किया। गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह और उनकी पार्टी के सदस्य संसद में उनकी आवाज बनेंगे।

**छत्तीसगढ़ के सीएम का भाजपा पर तीखा प्रहार**

# जेल से नहीं डरता, 75 सीट जीतकर BJP को 'रिटर्न गिफ्ट' दूंगा: बघेल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को कहा कि उनके कुछ करीबियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से वह डरने वाले नहीं हैं और इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 75 से अधिक सीट जितवाकर भारतीय जनता पार्टी और उसके नेतृत्व को इस कार्रवाई का 'रिटर्न गिफ्ट' (जवाबी तोहफा) देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि वह 'मरने' और 'जेल जाने' से नहीं डरते। ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, मुख्यमंत्री के दो ओएसडी, एक कारोबारी समेत



अन्य लोगों के यहां बुधवार को छापा मारा था। उल्लेखनीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के इसी साल चुनाव होने वाले हैं। प्रदेश में विधानसभा की कुल 90 सीट हैं।

### छत्तीसगढ़ को दबाने का हो रहा प्रयास

बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ को दबाने का प्रयास हो रहा है। चुनाव नजदीक आते ही एक बार फिर से ईडी को सक्रिय कर दिया गया है। पहले कथित शराब घोटाले की बात की गई और यह दावा किया गया कि 3900 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है, जबकि कांग्रेस की सरकार में आबकारी राजस्व बढ़ गया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आने से पहले छत्तीसगढ़ को सालाना 3900 करोड़ रुपए का आबकारी राजस्व होता था, लेकिन अब 6500 करोड़ रुपये का राजस्व हो रहा है।

### पाटन से BJP नहीं, ईडी व CBI लड़ेंगे चुनाव

बघेल ने यह आरोप भी लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए कोयला घोटाले और धान घोटाले की बात की गई। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ऐसा लगता है कि अब पाटन (मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र) में भाजपा का प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ेगा, बल्कि ईडी एवं सीबीआई लड़ेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, सरकार को बदनाम करना और बाधित करना इस कार्रवाई का एकमात्र राजनीतिक उद्देश्य है। ये लोग प्रजातांत्रिक ढंग से चुनाव नहीं लड़ना चाहते, इसलिए ईडी, आयकर और सीबीआई का इस्तेमाल करना चाहते हैं।

### केंद्रीय एजेंसियों के 200 से अधिक छापे

बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में केंद्रीय जांच एजेंसियों के 200 से अधिक छापे पड़ चुके हैं। बघेल ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ की खदानों पर भाजपा के कुछ पूंजीपति मित्रों की नजर है, लेकिन उनके रास्ते में कांग्रेस आ गई है। बघेल ने यह दावा भी किया कि ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को सेवा विस्तार इसीलिए दिया गया ताकि वह राजनीतिक विरोधियों में 'आतंक' फैलाएं। बघेल ने एक कहा, हम छत्तीसगढ़ के लोग हैं, मरने से नहीं डरते, जेल जाने से भी नहीं डरते।

### छापा 'डकैती' के समान: विनोद वर्मा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने ईडी की छापों की कार्रवाई को 'अपने घर में डकैती बताया।' उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ ईडी की यह कार्रवाई पिछले साल एक पत्रिका में प्रकाशित 'मनोहर कहानी' (काल्पनिक कहानी) पर आधारित थी।वर्मा ने राज्य पुलिस के सहायक उप निरीक्षक चंद्रभूषण वर्मा के साथ अपने संबंधों के बारे में ईडी के दावों का भी खंडन किया। ईडी ने उप निरीक्षक वर्मा को दुबई से संचालित कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'महादेव ऑनलाइन बुक' से जुड़े धन शोधन के मामले में बुधवार को गिरफ्तार किया था। संवाददाता सम्मेलन में वर्मा ने कहा, मैंने अपने घर में रखे गहनों के सभी बिल पेश किए, सिवाय एक सोने के आभूषण के, जो मेरी पत्नी को उपहार में मिला था। लेकिन फिर भी उन्होंने यह कहते हुए सभी गहनों को जब्त कर लिया कि उनकी खरीददारी में मैंने किस प्रकार से भुगतान किया है। उन्होंने वह नकदी भी ले ली जो मेरे बेटे के विवाह पर लोगों ने उपहार स्वरूप दी थी। इसलिए मैं इसे डकैती कह रहा हूं।

## जरूरी खबर

### पंजाब: पूर्व मंत्री आशु के परिसरों पर ईडी का छापा



**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु और कुछ अन्य लोगों से संबंधित ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, ईडी अधिकारी धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत लुधियाना और आसपास के लगभग 10 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी, खाद्य सामग्री की खरीद एवं परिवहन के ठेके में बिचौलियों के माध्यम से कथित तौर पर रिश्वत लेने, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और शर्तों में कथित अनियमितताओं के आरोपों की जांच कर रहा है। पंजाब सतर्कता ब्यूरो की प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए मामला दर्ज किया गया था।

### फिल्म अभिनेत्री सीमा देव का निधन



**मुंबई।** 'आनंद' और 'कोरा कागज' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय करने वाली दिग्गज अभिनेत्री सीमा देव का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह 81 वर्ष की थी। सीमा देव का निधन उनके बांद्रा स्थित घर में हुआ। वह पिछले करीब तीन साल से अल्जाइमर रोग से पीड़ित थी। । फिल्म निर्माता व उनके पुत्र अभिनय देव ने यह जानकारी दी। सीमा देव ने अपने फिल्मी करियर में 80 से अधिक हिंदी तथा मराठी फिल्मों में अभिनय किया था।

### नूंह हिंसा का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गुरुग्राम/ नूंह।** नूंह में साप्रदायिक हिंसा में कथित तौर पर शामिल एक व्यक्ति को पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान फिरोजपुर नमक गांव के निवासी उस्मान उर्फ पहलवान के तौर पर की गई है। नूंह पुलिस ने बुधवार देर रात मुठभेड़ के बाद उजीना नहर नाले के करीब से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान भीड़ के हमले के बाद नूंह में हुई सांप्रदायिक झड़पों के मामले में अब तक 61 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

## हिमाचल प्रदेश: बारिश बनी बैरन





*कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन के कारण व्यापक नुकसान हुआ है। गुरुवार को कुल्लू में बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण भरभराकर गिरती इमारतें।* - पीटीआई

### बरसात का कहर... आठ इमारतें धराशायी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के अन्नी इलाके में गुरुवार को कम से कम आठ इमारतें ढह गईं, जिन्हें हाल में हुई भारी बारिश की वजह से दरारें पड़ने के बाद असुरक्षित घोषित कर दिया गया था। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। इमारतों के धराशायी होने की वजह से आसपास धूल का गुबार और मलबा बिखर गया। मौके पर मौजूद अन्नी के उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) नरेश वर्मा ने कहा कि इन इमारतों में दुकान, बैंक और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान थे। इमारतों में चार-पांच दिन पहले दरारें आ गई थीं तथा इन्हें असुरक्षित घोषित कर दिया गया था। हाल ही में सभी इमारतों को खाली करा लिया गया था। वर्मा ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा अन्नी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के किनारे स्थित कुछ अन्य असुरक्षित इमारतों को भी ऐहतियान खाली करा लिया गया है।


**बढ़ेगी ब्रिक्स की ताकत: छह देश और होंगे शामिल**

# वैश्विक संस्थानों को समय के साथ बदलने की जरूरत: मोदी

एजेंसी । नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों के नेताओं ने गुरुवार को अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को समूह के नए सदस्यों के रूप में शामिल करने का फैसला किया, जिससे एक लंबी प्रक्रिया पर मुहर लग गई।

इस फैसले की घोषणा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के साथ एक संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में की। नए सदस्य एक जनवरी, 2024 से ब्रिक्स का हिस्सा बन जाएंगे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि समूह का आधुनिकीकरण और विस्तार यह संदेश है कि सभी वैश्विक संस्थानों को बदलते दौर में खुद को बदलने की जरूरत है। इन देशों के नए सदस्यों के रूप में शामिल करने से समूह को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि समूह के विस्तार का निर्णय बहुध्रुवीय दुनिया में कई देशों के विश्वास को और मजबूत करेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपना बयान दिया।



### ये होंगे नए सदस्य

- अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात

### मार्गदर्शक सिद्धांतों पर बनी सहमति

रामाफोसा ने कहा कि विस्तार प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों, मानदंडों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने के बाद नए सदस्यों के बारे में निर्णय पर सहमति बनी। हमने अपने विदेश मंत्रियों को ब्रिक्स साझेदारी मॉडल तथा समूह में शामिल होने वाले संभावित देशों की सूची विकसित करने का काम सौंपा है।

### मोदी ने शी जिनपिंग से कहा एलएसी का सम्मान जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बातचीत के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अनसुलझे मुद्दों के संबंध में भारत की चिंताओं से अवगत कराया। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आवश्यक है। विदेश सचिव ने कहा कि इस संबंध में, दोनों नेता अपने संबंधित अधिकारियों को सैनिकों की शीघ्र वापसी और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने पर सहमत हुए। क्वात्रा ने कहा कि मोदी ने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन से इतर समूह के नेताओं के साथ बातचीत की।

**मोदी और शी संक्षिप्त बातचीत करते दिखे:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स नेताओं की 'मीडिया ब्रीफिंग' से पहले संक्षिप्त बातचीत करते नजर आए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत से पहले, जोहान्सबर्ग में मोदी और शी के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। पिछले साल नवंबर में बाली में जी20 शिखर सम्मेलन में रात्रिभोज के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और शी के बीच संक्षिप्त मुलाकात हुई थी।

**7,800 करोड़ की सैन्य खरीद को मंजूरी**

## हेलिकॉप्टर वारफेयर सूट व एलएमजी की होगी खरीद

एजेंसी । नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को करीब 7,800 करोड़ रुपए के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दे दी, जिसमें एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टर के लिए इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी द्वारा मंजूर प्रस्तावों में 7.62x51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) और नौसेना के हथियार एमएच-60आर हेलिकॉप्टर की खरीद शामिल है। वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए, डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टर पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सूट की खरीद और तैनाती के लिए स्वीकृति प्रदान की है। ईडब्ल्यू सूट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से खरीदा जाएगा।



### इन्फैंट्री की और बढ़ेगी ताकत

रक्षा मंत्रालय के अनुसार 7.62x51 मिमी एलएमजी और ब्रिज लेइंग टैंक की खरीद के प्रस्तावों को भी डीएसी ने मंजूरी दे है। एलएमजी के शामिल होने से इन्फैंट्री की लड़ने की क्षमता बढ़ेगी। परियोजना शक्ति के तहत सेना के लिए मजबूत लैपटॉप और टैबलेट की खरीद के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई है। ये सभी खरीद केवल स्वदेशी विक्रेताओं से की जाएंगी। नौसेना के एमएच-60आर हेलिकॉप्टर की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए, डीएसी ने हथियारों की खरीद को लेकर स्वीकृति प्रदान की है।


**'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म**

## आलिया व कृति को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार

एजेंसी । नई दिल्ली

हिंदी फिल्म 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' ने गुरुवार को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता जबकि आलिया भट्ट ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और कृति सैनन ने 'मिमी' में अपनी भूमिकाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलुगु फिल्म 'पुष्पा: द राइज (पार्ट 1)' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। फिल्म निर्माता केतन मेहता ने राष्ट्रीय पुरस्कार, 2021 के लिए 11 सदस्यीय जूरी की अध्यक्षता की। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मराठी फिल्म 'गोदावरी' के लिए निखिल महाजन को दिया गया। पंकज त्रिपाठी को 'मिमी' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक कलाकार और पल्लवी जोशी को 'द कश्मीर फाइल्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।





### द कश्मीर फाइल्स को नरगिस पुरस्कार

विवेक रंजन अग्निहोत्री के निर्देशन वाली 'द कश्मीर फाइल्स' ने राष्ट्रीय एकीकरण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार भी जीता। दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार 'आरआरआर' के तेलुगु संस्कार को दिया गया है।

**जी-20 सम्मेलन की तैयारियां**

## दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्यालय 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे

एजेंसी । नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय आठ से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे। कार्मिक मंत्रालय के गुरुवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। जी-20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में होगा। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को जारी आदेश में कहा गया, वृहद पैमाने पर आयोजन और इंतजाम के मद्देनजर जी-20 केंद्र सरकार के कार्यालयों को आठ सितंबर से 10 सितंबर, 2023 तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है।



### महिला कमांडो होंगी तैनात, प्रशिक्षण पूरा

दिल्ली पुलिस की उन 19 महिला कमांडो ने चार सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जिन्हें जी20 बैठकों के मद्देनजर शहर के प्रमुख स्थलों पर तैनात किया जाएगा। इन महिला कमांडो को जी20 बैठकों के दौरान 'मार्क्सवुमेन' (दक्ष निशानेबाज) के तौर पर तैनात किया जाएगा।

**इसरो के पूर्व प्रमुख जी माधवन नायर ने कहा...**

# ISRO के वैज्ञानिकों का वेतन विकसित देशों के समकक्षों का 5वां हिस्सा

एजेंसी । तिरुवनंतपुरम

भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से प्रसन्न भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख जी माधवन नायर ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिकों की पगार विकसित देशों के वैज्ञानिकों के वेतन का पांचवां हिस्सा है और शायद यही कारण है कि वे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए किफायती तरीके तलाश सके। नायर ने अन्य देशों की तुलना में बेहद कम कीमत वाले साधनों के जरिए अंतरिक्ष में खोज के भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के इतिहास के बारे में 'पीटीआई-भाषा'' से बातचीत करते हुए कहा, इसरो में वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और अन्य कर्मियों को जो वेतन भत्ते मिलते हैं वे दुनिया भर में इस वर्ग के लोगों को मिलने वाले वेतन भत्तों का पांचवा हिस्सा है। इसका एक लाभ भी है। इसरो के वैज्ञानिकों में कोई भी लखपति नहीं है और वे बेहद सामान्य जीवन जीते हैं। नायर ने कहा, हकीकत यह है कि वे धन की कोई परवाह भी नहीं करते, उनमें अपने मिशन को लेकर जुनून और प्रतिबद्धता होती है। इस तरह हम ऊंचा मुकाम हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि इसरो के वैज्ञानिक बेहतरीन योजना बना कर और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के जरिए ये उपलब्धि हासिल कर सके।



### यह भी बोले नायर

- इसरो के वैज्ञानिकों में कोई भी लखपति नहीं, जीवन बेहद सामान्य
- धन की परवाह नहीं, मिशन को लेकर जुनून व प्रतिबद्धता
- मिशन की लागत अन्य देशों की तुलना में 50 से 60 प्रतिशत कम

### अंतरिक्ष मिशन में घरेलू तकनीक का उपयोग

इसरो के पूर्व प्रमुख के अनुसार, हम एक-एक कदम से सीखते हैं। जो हमने अतीत में सीखा है, हम अगले मिशन में उसका इस्तेमाल करते हैं। हमने करीब 30 वर्ष पहले ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के लिए जो इंजन बनाया था, उसी का इस्तेमाल भूस्थैतिक उपग्रह प्रक्षेपण यान में भी किया जाता है। भारत अपने अंतरिक्ष अभियानों के लिए घरेलू तकनीक का उपयोग करता है और इससे उन्हें लागत को काफी कम करने में मदद मिली है। भारत के अंतरिक्ष मिशन की लागत अन्य देशों के अंतरिक्ष अभियानों की तुलना में 50 से 60 प्रतिशत कम है। नायर ने कहा, हमने अच्छी शुरुआत की है और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माधवन नायर ने कहा कि देश के पास पहले से ही यूरोप और अमेरिका के साथ कई वाणिज्यिक अनुबंध हैं और अब चंद्रयान-3 की सफलता के साथ ये बढ़ेंगे।



### सिद्धरमैया ने दी सोमनाथ को बधाई

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 की सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' को ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इसके लिए इसरो की टीम को आधिकारिक तौर पर सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री ने यहां इसरो के 'टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क' (आईएसटीआरएसी) का दौरा किया और सफल लैंडिंग के लिए इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और उनकी टीम को बधाई दी।

## नारीत्व वीमेन अचीवर्स अवॉर्ड्स-2023: वॉक, टॉक और अवॉर्ड्स में दिखा उत्साह

# एलीट लेडीज ने किया टैलेंट शोकेस

### बॉडी पॉजिटिविटी थीम के साथ लेडीज ने वेस्टर्न और राजपूती क्लेवर पर किया वॉक



**बेधड़क.जयपुर।** व्हाइट थीम पर लेडीज जयपुराइट्स के बीच से होते हुए स्टेज पर पहुंचीं तो उनका ग्रेस देखते हुए बना। फिर वेस्टर्न को भी अपनाने वाली महिलाओं ने राजस्थानी राजपूती पोशाक पहनीं तो हर कोई उनको देखता रह गया और उन्होंने संस्कृति की झलक दर्शाई। अपनी फेमिली की जिम्मेदारियों के बीच जयपुर की एलीट लेडीज ने आरआईसी में अपने अंदर के टैलेंट को शोकेस किया। इस दौरान फैशन डिजाइनर्स ने उनके रूप को और निखारा। ये अनूठा नजारा था नारीत्व वीमेन अचीवर्स अवॉर्ड्स-2023 के तीसरे सीजन का।



फोटो: पंकज शर्मा

### टॉक शो में हुए पैनल डिस्कशन

नारीत्व टॉक में 2 पैनल्स के जरिए महिला मुद्दों पर चर्चा की गई। पहले पैनल में थीम 'वीमेन एंट्रीप्रिन्योरशिप' में फोर्टी वीमेन विंग अध्यक्ष सुनीता शर्मा, स्पॉटलाइट पीआर की फाउंडर तोशी विजय, ब्लॉगर तुषारिका सिंह और अक्षित मिश्रा ने चर्चा की। चर्चा को फूड ब्लॉगर राधिका अग्रवाल ने मॉडरेट किया।

### 200 महिलाओं ने बॉडी पॉजिटिविटी थीम पर किया प्रोग्राम

कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने जुड़कर 'बॉडी पाजिटिविटी' थीम का साक्षात्कार किया। कार्यक्रम में 22 कैटेगरीज में 24 महिलाओं को सम्मानित किया। नारीत्व वॉक द्वारा महिला सशक्तीकरण का एक नया रूप दिखा। कार्यक्रम की शुरुआत नारीत्व की फाउंडर रचना कौशिक ने की। चीफ गेस्ट छवि राजावत थी। 'नारीत्व वॉक' में डिजाइनर्स ने 8 सीक्वेंस के जरिए महिलाओं के विभिन्न स्वरूपों को मंच पर साकार किया। इनमें आरेती बाय रेखा भीमसरिया, हाउस ऑफ फैशन बाय ज्योति पवार, एन फॉर नारी बाय अक्षय, मीनाक्षी कॉट्योर, वस्त्रका बाय रुचि बजोरिया, वर्षा सोमानी, ओम राजपूती पोषक बाय रुचि टिक्कीवाल और हाइट्स फैशन इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर और वॉक कोरियोग्राफर अंजलि गुप्ता द्वारा 56 महिलाओं को ट्रेडिशनल, इंडियन, प्रोफेशनल, पार्टी वियर, फॉर्मल पहनावें में प्रस्तुत किया। वीमेन कम्युनिटी जयपुर मॉम्स के सहयोग से हुए कार्यक्रम में शहर की विभिन्न कम्युनिटी ग्रुप ड्राइव-वे देवी, जयपुर मॉमिज आदि ने समर्थन दिया।







## डामर सड़क का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 133 देव नगर डी ब्लॉक में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 12 लाख की लागत से बनाई गई डामर सड़क का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद रमेश सैनी ने बताया कि विधायक द्वारा अनुशंसित देवनगर D ब्लॉक की सड़कें पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई गई है। इसका सराफ ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष अजीत शर्मा, विकास समिति अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, विपिन कोटिया,नरेश लश्करी, हेमप्रकाश डेरेवाल, जेएन माथुर, जितेंद्र अग्रवाल, पुनीत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## मूर्तिकार की वैज्ञानिकों को बधाई

**बेधड़क. जयपुर।** मूर्तिकार सुरेश प्रजापति ने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मूर्तिकार प्रजापति ने अपनी कला के माध्यम से चंद्रयान-3 की चांद पर लैंडिग को प्रदर्शित किया है। उन्होंने अपनी कल्पना के जरिए भारत के तिरंगे को चांद पर लहराते हुए दर्शाया है।



## इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शुरू




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर हेरिटेज लेडीज सर्कल ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत गुरुवार से की गई। इसमें 30 देशों से 330 महिला प्रतिनिधि जयपुर आईं। शुरुआत पारंपरिक तरीके से इंडियन क्लासिक म्यूजिक के साथ की गई। इसकी मुख्य अतिथि राजस्थान कल्चरल एंबेसडर तृप्ति पांडे रहीं। डेलीगेट्स ने अपने-अपने फ्लेग्स के साथ पारंपरिक परिधान में परेड करते हुए माहौल को देश भक्तिमय भी बना दिया। कांफ्रेंस में वाइस प्रेसिडेंट स्वाति जौहर, ट्रेजरर अनिका मित्तल, सर्किल चेयरपर्सन सारिका सर्राफ मौजूद रहे। कार्यक्रम सचिव वंदिता विजयवर्गीय और आयोजन समिति सदस्य पूजा बंसल ने बताया कि यूरोप, स्वीडन, मोरोक्को, यूएसए जैसे देशों से महिला प्रतिनिधियों हिस्सा ले रही हैं। सर्कल कन्वीनर स्वेता गोलछा ने बताया कि मेहमानों को आगरा-दिल्ली में भारत की सभ्यता संस्कृति से रूबरू कराया गया। जयपुर में राजस्थानी संस्कृति के दर्शन हुए।

## City इवेंट्स

### मारवाड़ी युवाओं को वर्ल्ड मैप पर आकार



**बेधड़क. जयपुर।** अब हेल्थटेक, वेलनेस, फूड और एग्रिटेक में युवा तरक्की करेंगे। क्योंकि जयपुर और प्रदेश के मारवाड़ी कैटलिस्ट्स (एमकैट्स) राजस्थान एक्सेलरेटर और वेंचर फाइनेंस जीवीएफएल गुजरात के युवाओं की पहल को आकार देंगे। इस पहल को विशेषज्ञों ने उपनाम 'एक्सेलेरेट' दिया। एमकैट्स के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील शर्मा ने बताया कि एकोसिस्टम को सशक्त करने का मौका है। वहीं एमकैट्स राजस्थान के निदेशक श्वेता चौधरी ने कहा कि हम युवाओं को आगे लाने के लिए अपने अनुभव दे रहे हैं। नवाचार से देश के हृदय से स्टार्टअप्स को शक्ति देने की पहल शुरू की गई। युवाओं को वर्ल्ड मैप पर लाने के लिए गाइड कर रहे हैं। कमल बंसल ने बताया कि विशेषज्ञता के साथ मिलकर स्टार्टअप्स को मार्गदर्शित और सफल बनाने में प्रयासरत हैं। एक्सेलेरेट के विशेष श्रेणियों के तहत प्रोग्राम के लिए आवेदन युवा कर सकते हैं।

### जवाहर कला केंद्र में 'चित्रावली' 26 से





**बेधड़क. जयपुर।** युवा चित्रकार अभिलाषा भारतीय की लगभग 750 चित्रों की एकल चित्र प्रदर्शनी 'चित्रावली' 26 से 29 अगस्त तक अलंकार कला दीर्घा, जवाहर कला केंद्र में प्रदर्शित होगी। इस चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री शाकिर अली तथा दूरदर्शन केंद्र, जयपुर के निदेशक लक्ष्मण दास व्यास करेंगे।

### नशा नहीं करने की दिलाई शपथ



**बेधड़क. जयपुर।** नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार के सहयोग से जयपुर में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा जादौन नगर बस्ती में नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरीश भूटानी ने उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा उन्हें नशा नहीं करने की शपथ ग्रहण करवाई। क्षेत्रीय पार्षद जय वशिष्ठ ने इस अवसर पर लोगों को नशामुक्त रहने का आह्वान किया।

## JKK के रंगायन में किया गया दो नाटकों का मंचन

# अनोखी किटी पार्टी में G-20 देशों के विषयों पर चिंतन




**बेधड़क | जयपुर**

जी -20 समूह देशों द्वारा जिन मुद्दों पर चिंतन किया जा रहा है उन्ही पर जब महिलाओं की अनोखी किटी पार्टी की तो गंभीर चर्चा सामने आई। आकाशवाणी जयपुर की ओर से जी-20 के तहत किए जा रहे कार्यक्रमों में जवाहर कला केंद्र के रंगायन में 2 नाटकों का मंचन किया गया। आकाशवाणी जयपुर की प्रस्तुति अनोखी किटी पार्टी में महिलाओं ने पर्यावरण स्वास्थ्य महिला शिक्षा और सशक्तिकरण, आर्थिक समानता पेयजल और खानपान जैसे विषयों पर वैचारिक आदान-प्रदान किया।

नाटक में लोक रंग का समावेश होने से प्रस्तुति रोचक हो गई। नाटक का निर्देशन रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी ने किया और लेखक रंगकर्मी ईश्वर दत्त माथुर थे। रेनू सनाढ्य, रश्मि बालोदिया, चंचल शर्मा, समता सक्सेना, राजेंद्र शर्मा राजू और मनोज स्वामी ने अभिनय किया।

वहीं दूसरी प्रस्तुति आकाशवाणी के बीकानेर केंद्र की सांगरी रही। पर्यावरण पर आधारित नाटक के लेखक हरीश शर्मा और निर्देशक मंदाकिनी जोशी रहे। शुरुआत आकाशवाणी जयपुर की कार्यक्रम प्रमुख डॉ. अर्चना सिन्हा ने की।

### नमिता थापर ने किया लाभार्थियों के साथ संवाद



**जयपुर।** सेलिब्रेटी अंत्रप्रेनोर एवं शार्क टैंक फेम नमिता थापर ने राजधानी के वैशाली नगर में संचालित किए जा रहे इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना कैंप का जायजा लिया। इस दौरान सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक ऋतेश शर्मा ने नमिता थापर को शिविर स्थल पर ही स्मार्ट फोन योजना की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया। थापर ने न केवल लाभार्थियों से संवाद किया बल्कि चुनिंदा लाभार्थियों को स्मार्ट फोन की सौगात भी दी। राज्य सरकार की इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना की सराहना करते हुए थापर ने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह योजना न केवल मील का पत्थर साबित होगी बल्कि दूसरे राज्यों के लिए भी मिसाल बनेगी। गौरतलब है कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से शुरू की गई इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना को लेकर आमजन में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

## सेवा और प्रतिभा को मिला सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** ब्यूरोक्रेट्स और सोशल वर्कर्स के सामने स्पेशल लोगों का सम्मानित किया गया तो उपस्थित लोग कभी भावुक तो कभी रोमांचित नजर आए। फिर बच्चों ने कथक और लोक नृत्य की प्रस्तुति दी तो देश की संस्कृति के दर्शन हुए। आनंदित करने वाला यह नजारा जयपुर में उस समय देखने को मिला जब एक्सपर्ट ने यंग एंटरप्रेन्योर्स को मार्गदर्शन देते हुए स्टेज पर बच्चों और लोगों को सम्मानित किया। मौका था सबमिट-2023 का, जिसमें 1000 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम में पुलिस अधिकारियों के साथ सोशल वर्कर्स को सम्मानित किया गया।

## मूवी देखकर बच्चे हुए रोमांचित



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी में नन्हें दर्शकों के लिए 6वां आर्यन इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स फिल्म फेस्टिवल ऑफ जयपुर और सिक्सटीन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स का आगाज हुआ तो बच्चों रोमांचित हो गए। फेस्टिवल के मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. समित शर्मा ने अपनी जीवन यात्रा और राजस्थान में जेनेरिक दवा और फ्री दवाइयों के बारे में बताया। डीआर मेहता ने कहा बच्चों के लिए इस तरह के फेस्ट एक नई मशाल हैं। आजकल पढ़ाई के साथ अच्छी फिल्में देखना जरूरी है।इस मौके पर मोमो इन दुबई के फिल्म डायरेक्टर अमीन असलम को बेस्ट फीचर फिक्शन का अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताई।

## 'सप्त शक्ति हॉर्स शो-2023' 15 अधिकारी, 37 अन्य रैंक, 12 अग्निवीर और 38 नागरिकों ने लिया भाग

# ड्रेसेज, शो जंपिंग और टेंट पेगिंग का बेहतरीन प्रदर्शन

**बेधड़क | जयपुर**

61 कैवेलरी जयपुर की ओर से 'सप्त शक्ति हॉर्स शो-2023' का आयोजन गुलाबी नगरी में किया गया। इस मौके पर 61 कैवेलरी जयपुर द्वारा 18 अगस्त से आजोजित 'सप्त शक्ति हॉर्स शो-2023' का समापन भी हुआ। चैंपियनशिप में सेना, सीमा सुरक्षा बल, राज्य पुलिस बल और सिविल क्लब सहित विभिन्न सशस्त्र बलों की टीमों ने भाग लिया। कुल 15 अधिकारी, 37 अन्य रैंक, 12 अग्निवीर और 38 नागरिकों ने भाग लिया।





### विजेताओं को किया पुरस्कृत

इनमें बच्चे और जूनियर राइडर्स शामिल थे। हॉर्स के दौरान घुड़सवारों ने ड्रेसेज, शो जंपिंग और टेंट पेगिंग इवेंट्स में आपसी सयोजन का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इसमें 61 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल राय सिंह गोदारा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी भावना की प्रशंसा की।



### अमेरिका: राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की पहली प्राइमरी बहस

# भिड़ गए भारतीय मूल के हेली और रामास्वामी




**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल भारतीय अमेरिकी दावेदार निक्की हेली और विवेक रामास्वामी के बीच रिपब्लिकन पार्टी की पहली प्राइमरी में विदेश नीति के मुद्दे पर बहस हुई। साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली ने अपने प्रतिद्वंद्वी और उद्यमी रामास्वामी पर विदेश नीति का कम अनुभव होने और रूस का समर्थन करने का आरोप लगाया। हेली (51) और रामास्वामी (38) पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया पर भी विदेश नीति के मुद्दों पर भिड़े हुए हैं।

विस्कॉन्सिन के मिलवाउकी में बुधवार को बहस के दौरान हेली ने रामास्वामी पर अमेरिका के विरोधियों का समर्थन करने का और उसके दोस्तों का साथ नहीं देने का आरोप लगाया। इससे पहले रामास्वामी ने कहा कि वह रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन का समर्थन नहीं करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली ने अपने पास खड़े रामास्वामी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक 'हत्यारे' रूसी राष्ट्रपति की तरफदारी कर रहे हैं और उनके राष्ट्रपति बनने पर अमेरिका असुरक्षित रहेगा।



### हेली की बात के बीच रामास्वामी झूठ-झूठ बोलते हुए करने लगे टोकाटाकी

हेली ने कहा, 'वह चाहते हैं कि यूक्रेन पर रूस का कब्जा हो जाए। चीन ताइवान को हड़प ले। वह इजराइल को आर्थिक मदद बंद करना चाहते हैं।' जब हेली अपनी बात रख रही थीं, तब रामास्वामी 'झूठ, झूठ' बोलकर बीच में टोकाटोकी कर रहे थे। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की पहली प्राइमरी बहस में शामिल नहीं हुए हैं और उनके आठ प्रतिद्वंद्वी आपस में टकरा रहे हैं।

### हेली बोलीं- आपको विदेश नीति का नहीं है अनुभव

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के प्राइमरी चरण के इतिहास में पहली बार एक ही प्राइमरी की बहस के मंच पर दो भारतीय-अमेरिकी एक साथ खड़े थे। हेली ने रामास्वामी से कहा, 'आप एक अमेरिका समर्थक देश के बजाय एक हत्यारे को चुन रहे हैं। आप अमेरिका को कम सुरक्षित बना देंगे। आपको विदेश नीति का कोई अनुभव नहीं है और यह दिखता है।' रामास्वामी ने कहा कि वह युद्धग्रस्त यूक्रेन को और अधिक सहायता दिए जाने का समर्थन नहीं करेंगे।

### पार्टी की ही नेता ने पुतिन को कहा दलदली मूर्ख...

# होंगी पार्टी से निष्कासित

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस की सत्तारूढ़ यूनाइटेड रशिया पार्टी की एक सदस्य को अगले महीने पार्टी से निकाल दिया जाएगा। वह अब स्थानीय पद के लिए चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगी। इस सजा के पीछे की वजह उनके विवादित बयान बताए जा रहे हैं।

पार्टी ने एक बयान में बताया कि रूस के दक्षिणी सेराटोव क्षेत्र में मार्क्स नगर परिषद की सदस्य यूलिया टुखमानोवा को "हमारे देश के नेतृत्व के बारे में अपमानजनक, बेतुके और स्पष्ट रूप से मूर्खतापूर्ण बयान" देने के कारण निष्कासित कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक यूलिया टुखमानोवा ने कथित तौर पर राष्ट्रपति पुतिन को गालियां दी थीं।

इसका एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूलिया और राजनीतिक उम्मीदवार दिमित्री लिपेंस्की के बीच 7 अगस्त को हुई एक निजी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई है। इसमें यूलिया टुखमानोवा को 1999 में सत्ता में आने से पहले व्लादिमीर पुतिन को "दलदली मूर्ख" कहते हुए सुना गया था। उन्होंने कथित तौर पर ये भी कहा था कि पुतिन की "कोई हैसियत नहीं" थी।



### साल 2036 तक पुतिन रहेंगे राष्ट्रपति!

रूस का 2024 का राष्ट्रपति चुनाव अगले साल 17 मार्च को होने की उम्मीद है। उससे पहले अगले महीने कुछ क्षेत्रीय चुनाव होंगे। उम्मीद है कि व्लादिमीर पुतिन जल्द ही छठे समग्र राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करेंगे। यूक्रेन में युद्ध से पहले किए गए संवैधानिक बदलावों के मुताबिक व्लादिमीर पुतिन 2036 तक सत्ता में बने रह सकते हैं।

### उम्मीदवारों की सूची से भी किया गया बाहर

पार्टी ने कहा, "उन्हें पार्टी से निकालने का निर्णय लिया गया और संयुक्त रूस के नए दीक्षांत समारोह के प्रतिनिधि निकाय के उम्मीदवारों की सूची से भी बाहर रखा जाएगा।" साथ ही, कहा गया है कि इस मुद्दे पर "निकट भविष्य में" विचार किया जाएगा। यूलिया ने दावा किया कि ऑडियो रिकॉर्डिंग में "छेड़छाड़" की गई है। उनके शब्दों को "गलत तरीके से पेश किया गया है" और "उनका राष्ट्रपति से कोई लेना-देना नहीं है।" उन्होंने कहा कि वह "अपने सम्मान, गरिमा और व्यावसायिक प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए" कानूनी कार्रवाई के साथ आगे बढ़ेंगी।

### भारत से पहले पाकिस्तानी सुपरको ने लॉन्च किया था रॉकेट

# इंडिया चांद पर... पाक रह गया फिसड्डी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भारत के चंद्रयान-3 की सफलता ने पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। पाकिस्तान में भी चंद्रयान-3 मिशन की खूब चर्चा हो रही है। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भारत को इस पर बधाई दे रहे हैं।

वहीं, पाकिस्तानी अंतरिक्ष एजेंसी स्पेस एंड अपर एटमॉसफेयर रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (सुपरको) पर निशाना भी साध रहे हैं।

बहुत कम लोगों को पता होगा कि सुपरको ने अमेरिका की मदद से भारत के भारत से पहले 7 जून 1962 को बलूचिस्तान के सोनमियानी से रात आठ बजे अंतरिक्ष में अपना रॉकेट रहबर-ए-अव्वल लॉन्च किया गया था, जबकि भारत ने इसके 9 माह बाद अपना रॉकेट लॉन्च किया था। इसरो ने धीरे-धीरे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ अंतरिक्ष एजेंसियों में शुमार होने लगा। कई देश भारत के रॉकेट से अपने सैटेलाइट को लॉन्च कराने के लिए लाइन में खड़े हैं। भारत बुधवार को चांद पर पहुंच भी चुका है और पाकिस्तान अपनी मुफलिसी और गरीबी के राग अलाप रहा है।

जानकारों के अनुसार वहां अस्थिर सरकारें रही। बीच-बीच में सेना ने तख्तापलट कर कमर तोड़ दी। साथ ही, भारत को जंग में हराने के सपने के कारण उसने सैन्य जरूरतों पर जमकर पैसे खर्च किए, लेकिन अंतरिक्ष कार्यक्रम पर खर्च बहुत घटा दिया।

### इमरान को गिरफ्तार करने की अनुमति

**लाहौर।** एक पाकिस्तानी अदालत ने नौ मई को लाहौर कोर कमांडर के घर (जिन्ना हाउस) में हुई तोड़फोड़ के सिलसिले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार करने और जांच करने की पुलिस को अनुमति दे दी है। इमरान को इस महीने की शुरुआत में तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा सुनाई जाने के बाद पंजाब प्रांत की अटक जिला जेल में रखा गया है। लाहौर पुलिस जांच द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने यह आदेश दिया।

### पत्नी अक्षता के शेयर की घोषणा नहीं कर पाए ब्रिटिश PM

# ऋषि सुनक को मांगनी पड़ी माफी

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन की एक जांच रिपोर्ट में यह सामने आने के बाद कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'भ्रमवश' और 'अनजाने' में पत्नी अक्षता मूर्ति के संबंधित व्यावसायिक हितों को सार्वजनिक करने में असफल रहे हैं।

उन्होंने संसदीय निगरानी संस्था से माफी मांगी है। सरकार ने बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने के सरकार के फैसले के बाद सुनक यह घोषित करने में असफल रहे थे कि सरकार द्वारा चुनी गई ऐसी संस्थाओं में से एक की शेयरधारक उनकी पत्नी भी हैं। इस संबंध में सुनक पर आरोप लगने के बाद संसदीय आयुक्त डैनियल ग्रीनबर्ग ने जांच शुरू की। सुनक ने संसदीय निगरानी संस्था को बताया कि उन्होंने 'मिनिस्टीरियल रजिस्टर' में इसकी घोषणा की थी, जिसके बाद ग्रीनबर्ग ने निष्कर्ष निकाला कि हितों की घोषणा के संबंध में सुनक भ्रम की स्थिति में थे। बुधवार को जारी जांच रिपोर्ट में ग्रीनबर्ग ने कहा, 'मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि भ्रम के कारण सुनक ने अनजाने में ऐसा किया।'

हालांकि, वित्तीय संस्था के स्थाई आदेश के अनुरूप पीएम सुनक ने नियमों के उल्लंघन को स्वीकार किया और इसके लिए माफी मांगी।


### थाइमस में कैंसर से लड़ने की क्षमता!

# बेकार बता डॉक्टर कर देते हैं सर्जरी

**एजेंसी** | वाशिंगटन

शरीर में स्ट्रनम के ठीक पीछे एक छोटा सा फैटी ग्लैंड थाइमस होता है। इसे किशोरावस्था में बेकार ग्रंथि के तौर पर मान लिया जाता है और कई बार डॉक्टर भी इसे अनुपयोगी बताकर सर्जरी के जरिए हटा देते हैं। एक ताजा शोध में इसे लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है कि इसमें उतनी अधिक वृद्धि नहीं होती है जितना सोचा जाता था।

यूके के शोधकर्ताओं का कहना है कि जो लोग थाइमस को सर्जरी के जरिए निकलवा देते हैं वो उम्र के किसी भी मोड़ पर बड़ी चुनौती का सामना कर सकते हैं, यहां तक कि मौत का भी खतरा बढ़ जाता है। यही नहीं कैंसर के होने की भी आशंका ज्यादा बढ़ जाती है। पुख्ता तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि थाइमस, कैंसर या गंभीर बीमारी के लिए अकेले जिम्मेदार हो सकता है। जो अब तक जानकारी मिली है वो परेशान करने वाली है।



### बनाता है इम्यून सिस्टम को मजबूत

हार्वर्ड गैजेट में कैंसर विशेषज्ञ डेविड स्कैडन कहते हैं कि खतरे का स्तर अधिक है जो हम नहीं सोचते थे। बचपन में यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है। जब जवानी में इसे हटाया जाता है तो उसकी वजह से मरीजों में टी-सेल में कमी आती है जो सफेद रक्त कोशिकाओं का ही एक प्रकार है। जबकि सफेद रक्त कोशिकाओं के जरिए कीटाणुओं और रोगों से लड़ने में मदद मिलती है। यही नहीं ऐसे बच्चे जिनमें थाइमस नहीं होती है उनका इम्यून सिस्टम वैक्सीन के लिए कमजोर होता है।

### चौंकाते हैं आंकड़े

मरीजों के आंकड़ों से से पता चलता है कि जिन लोगों की कार्डियोथोरेसिक सर्जरी हुई थी, उनमें से 6 हजार से अधिक लोगों के थाइमस को हटाया नहीं गया था और करीब 1 हजार लोगों के थाइमस को हटाया गया था, जिनका हटाया गया था, उनकी मौत पांच साल के अंदर हो गई थी। यही नहीं सर्जरी के बाद पांच साल में वैसे रोगियों में कैंसर होने की संभावना ज्यादा बढ़ गई थी। अभी पुख्ता तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि मौत या कैंसर के पीछे थाइमस का हटाना ही जिम्मेदार था, लेकिन कहीं न कहीं थाइमस हटाए जाने की वजह को इनकार नहीं किया जा सकता।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl